# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

लखनऊ, सोमवार 20 जनवरी 2025 नगर संस्करण | पृष्ठ:-8 मूल्य:-4 रूपया | वर्ष:- 14, अंक 08




अरविंद केजरीवाल को खत्म करने... ● लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र ● चार स्पिनरों के जांचे परखे फार्मूले पर...

### मुकेश और नीता अंबानी ने डोनाल्ड ट्रंप से की मुलाकात

**वॉशिंगटन/नयी दिल्ली।** पेट्रोलियम समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन की अध्यक्ष नीता अंबानी ने वाशिंगटन में अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनके शपथ ग्रहण समारोह से पहले मुलाकात की। श्री ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं और उनका शपथ ग्रहण समारोह 20 जनवरी को आयोजित होगा। सूत्रों के अनुसार, श्री अंबानी और श्रीमती नीता अंबानी अमेरिका के उन चुनिंदा भारतीयों में शामिल थे, जिन्हें श्री ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले आयोजित विशेष रात्रिभोज में शामिल होने का अवसर मिला। इस आयोजन में कई प्रभावशाली अमेरिकी उद्योगपति, राजनेता, विदेशी गणमान्य लोग और हस्तियां भी उपस्थित थीं।

# महाकुंभ समरसता का प्रतीक: मोदी

## युवाओं का इससे जुड़ना स्वर्णिम भविष्य सुनिश्चित करता है, मन की बात में बोले पीएम मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ को समरसता का प्रतीक करार देते हुए रविवार को कहा कि यह विविधता में एकता का उत्सव मनाता है। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 118वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ का श्रीगणेश हो चुका है। यह चिरस्मरणीय जन-सैलाब, अकल्पनीय दृश्य और समता-समरसता का असाधारण संगम है। इस बार कुंभ में कई दिव्य




योग भी बन रहे हैं। कुंभ का ये उत्सव विविधता में एकता का उत्सव मनाता है। संगम की रेती पर पूरे भारत समेत पूरे विश्व के लोग जुटते हैं। उन्होंने कहा, हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव नहीं, जातिवाद नहीं। उन्होंने कहा, महाकुंभ में भारत के दक्षिण, पूर्व और पश्चिम से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब-अमीर सब एक हो जाते हैं। सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं, एक साथ भंडारों में भोजन करते हैं, प्रसाद लेते हैं - तभी तो कुंभ एकता का महाकुंभ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ का आयोजन इसका संकेत है कि हमारी परम्पराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं। उत्तर से दक्षिण तक मान्यताओं को मानने के तरीके एक जैसे ही हैं। एक तरफ प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में कुंभ का आयोजन होता है वैसे ही,दक्षिण भू-भाग में गोदावरी, कृष्णा, नर्मदा और कावेरी नदी के तटों पर पुष्करम होते हैं। ये दोनों ही पर्व हमारी पवित्र नदियों से, उनकी मान्यताओं से जुड़े हुए हैं। इसी तरह कुंभकोणम से तिरुक्कड-यूर, कूड़-वासल से तिरुचेरई अनेक ऐसे मंदिर हैं जिनकी परम्पराएं कुंभ से जुड़ी हुई हैं। श्री मोदी ने कहा कि कुंभ में युवाओं की भागीदारी बहुत व्यापक रूप में नजर आती है और जब युवा-पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ, गर्व के साथ जुड़ जाती है तो उसकी जड़ें और मजबूत होती हैं। इससे उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है। उन्होंने कहा कि हम इस बार कुंभ के डिजिटल का प्रयोग भी बड़े पैमाने पर कर रहे है।

## आईटीटी मद्रास के डायरेक्टर ने की गौमूत्र की तारीफ

### सियासी गलियारों में मच गया बवाल

एजेंसी



**चेन्नई।** आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर वी कामकोटि का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह गौमूत्र के औषधीय गुणों के बारे में बता रहे हैं। कामकोटि ने गौमूत्र को एंटीबैक्टीरियल, एंटी फंगल और पाचन में मदद करने वाला बताया। उन्होंने दावा किया कि गौमूत्र जठरांत्र विकार से भी राहत दिलाता है। उनके इस दावे का वीडियो वायरल होने के बाद सियासी गलियारों में भी हंगामा होने लगा। कांग्रेस और डीएमके ने उनके इस बयान पर कड़ा विरोध जताया है। चेन्नई में गो संरक्षणशाला के कार्यक्रम में उन्होंने यह भी कहा कि संन्यासियों को जब तेज बुखार आ जाता है तब भी वे गौमूत्र का इस्तेमाल करते हैं। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक वायरल हो रहा वीडियो सच है। उन्होंने कहा कि वह एक जैविक किसान भी हैं इसलिए उनकी बातों का संदर्भ बहुत विस्तृत है। डीएमके और कांग्रेस ने आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर के इस बयान की आलोचना की है।

## राहुल गांधी को नहीं पता कि इंदिरा और नेहरू ने संविधान के साथ कैसे छेड़छाड़ की: जेपी नड्डा

एजेंसी

**अहमदाबाद।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है और वह नहीं जानते कि उनके पिता (राजीव), दादी (इंदिरा) और दादी के पिता (नेहरू) ने संविधान के साथ छेड़छाड़ करने के क्या-क्या प्रयास किए थे। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने 65 वर्षों तक देश पर शासन किया और उसके नेताओं ने संविधान के साथ छेड़छाड़ कर इसके बुनियादी प्रावधानों को नष्ट करने की कोशिश की। वह भाजपा के संविधान गौरव अभियान में बोल रहे थे। हाल में, केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ एक टिप्पणी में इंडियन स्टेट (भारतीय राज व्यवस्था) शब्द का इस्तेमाल करने को लेकर राहुल पर उन्होंने



प्रहार किया। नड्डा ने कहा, आज हमारे कांग्रेस नेता कहते हैं कि वे इंडियन स्टेट (भारतीय राज व्यवस्था) के खिलाफ लड़ रहे हैं। उन्हें इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है, न ही उनका इससे कोई लेना-देना है। उन्होंने कहा कि राहुल उन्हें सौंपे गए भाषणों की सामग्री और संदर्भ को समझे बिना उन्हें सिर्फ पढ़ते हैं। राहुल ने हाल ही में कहा था, भाजपा और आरएसएस ने इस देश की हर एक संस्था पर कब्जा कर लिया है और अब हम भाजपा, आरएसएस और भारतीय राज व्यवस्था से लड़ रहे हैं। नड्डा ने कहा, भारत अपना 76 वां गणतंत्र दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में हमें याद रखना चाहिए कि किसने संविधान के साथ छेड़छाड़ की और इसके बुनियादी प्रावधानों को नष्ट करने की कोशिश की। यह भी याद रखें कि किसने संविधान की रक्षा की और किसने बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों की रक्षा करने के साथ उन्हें रेखांकित करने का काम किया।

# महाकुंभ में लगी भीषण आग

## कई सिलेंडर फटे, गीता प्रेस के शिविर में दर्जनों टेंट जलकर खाक, योगी भी पहुंचे

एजेंसी

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ के मेला क्षेत्र में रविवार की दोपहर भीषण आग लग गई। तुलसी मार्ग पर स्थित सेक्टर 19 के रेलवे पुल के नीचे गीता प्रेस गोरखपुर के शिविर में छोटा सिलेंडर फटने के बाद लगी आग देखते ही देखते विकराल हो गई।

सिलेंडरों के फटने से आग एक से दूसरे शिविर की ओर बढ़ती गई। कुछ मिनटों में ही आग ने दर्जनों टेंटों में मौजूद सौ से ज्यादा कुटिया को खाक कर दिया। यहां रखा गृहस्थी का सामान भी पूरी तरह जल गया। जिस दौरान नीचे टेंट में आग लगी पुल के ऊपर से ट्रेन भी गुजर रही थी। संयोग से लपटें ट्रेन तक नहीं पहुंचीं। आग लगने से एक महिला आंशिक रूप से झुलसी है। एक व्यक्ति भगदड़ में गिरकर घायल हो



गया है। डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। यह भी कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। प्रयागराज में ही मौजूद सीएम योगी ने भी आग का संज्ञान लिया और अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाने और राहत कार्य में लगने का आदेश दिया। खुद मुख्यमंत्री भी मौके पर पहुंच गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी फोन पर सीएम योगी से बात की और आग पर जानकारी ली है। बताया जा रहा है कि सेक्टर 19 में गीता प्रेस, निर्मल बाबा और हनुमान सेवा समिता का शिविर था। गीता प्रेस वाले शिविर में सबसे पहले छोटे सिलेंडर में खाना बनाते समय आग लगी।

इसके बाद तीन अन्य सिलेंडरों में विस्फोट से आग विकराल हो गई। कुछ सिलेंडरों को लेकर लोग बाहर की ओर भागते भी दिखाई दिए। मौके पर कुछ देर में ही सभी रेस्क्यू दल पहुंच गए। एनडीआरएफ भी मौके पर आ गई। मौके पर एंबुलेंस भी बुला ली गई। मुख्य अग्निशमन शिविर से चार बड़ी फायर बिग्रेड और आठ बुलेट भी रवाना की गई है। मीडिया सेंटर से दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां रवाना की गईं।

जाम में कुछ देर फंसने के बाद सभी गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गईं। तमाम आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। डीआईजी वैभव कृष्ण भी मौके पर आ गए। बीएसएफ को भी बुला लिया गया। मेलाधिकारी और एसएसपी कुम्भ भी मौके पर पहुंचे। करीब एक से डेढ़ घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।

इस बीच केंद्रीय अस्पताल और एसआरएन अस्पताल को अलर्ट कर दिया गया। केंद्रीय अस्पताल में आठ बर्न के बेड भी बढ़ाए गए। केंद्रीय अस्पताल में 10 स्पेशल डॉक्टर बुला लिए गए। आग पर काबू पाने से सभी ने राहत की सांस ली है। अब यहां रहने वालों के लिए नए टेंट सिटी का इंतजाम किया जा रहा है। आंशिक रूप से झुलसी महिला की पहचान पदमा सूत्रधार निवासी दार्जलिंग सिलिगुड़ी के रूप में हुई है। वहीं भगदड़ में प्रयागराज के ही करेली के रहने वाले जसप्रीत सिंह घायल हुए हैं।


## 2047 तक भारत को विकसित देश बनाएंगे: राजनाथ सिंह

### रक्षा मंत्री ने गुलाम जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग करार दिया

एजेंसी

**जौनपुर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन चुका है। शहर से गांव तक सबसे ज्यादा 5 जी यूजर्स है। हम 2047 तक भारत को विकसित देश बनाएंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ से रविवार को उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के निजामुद्दीनपुर गांव में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जगत नारायण दुबे के आवास पर आयोजित मांगलिक समारोह में भाग लेने के पश्चात पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भारत कुछ बोलता है, तो सारी दुनिया कान खोल कर



सुनती है कि भारत बोल क्या रहा है। विज्ञानी सेना से जुड़े उपकरण भारत की धरती पर बना रहे हैं और दूसरे देशों को भी एक्सपोर्ट कर रहे हैं। देश में 1.30 लाख स्टार्टअप काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश के युवाओं को भारत का इतिहास पढ़ना चाहिए, हमारे इतिहास में हर क्षेत्र में भारत की उपलब्धि व्याप्त है।

श्री सिंह ने पत्रकारों के सवालों का जबाब देते हुए कहा कि गुलाम जम्मू कश्मीर भारत का मुकुट मणि है और इसके बिना जम्मू कश्मीर अधूरा है, पाकिस्तान के लिए यह एक विदेशी क्षेत्र से अधिक कुछ नहीं है वह इसका इस्तेमाल आतंक को शह देने व भारत विरोधी दुष्प्रचार के लिए कर रहा है। रक्षा मंत्री ने गुलाम जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग करार दिया और साथ ही पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि गुलाम जम्मू कश्मीर में आतंकी ट्रेनिंग कैम्प व लॉन्चिंग पैड खत्म कर दे नहीं तो उचित जवाब दिया जाएगा। रक्षा मंत्री ने इस वाक्य से पाकिस्तान को आतंकी शिविरों पर सर्जिकल स्ट्राइक व बालाकोट स्ट्राइक की याद भी दिला दी।

## नागा बाबा ने बागेश्वर बाबा को दी चुनौती

**महाकुंभनगर।** दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महाकुंभ में गुजरात से आए एक नागा संन्यासी ने बागेश्वर बाबा को चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि यदि उनके अंदर इतनी क्षमता है तो कुंभ मेले में आ जाए उसको हम बताते है चमत्कार क्या होता है। हम भी बागेश्वर बन सकते हैं। बागेश्वर बाबा को मेले में आने की चुनौती देते हुए कहा कि वह मेले में आकर नागा साधुओं से मुलाकात कर अपना चमत्कार दिखाए। गुजरात के सुरेंद्र नगर जिले के रहने वाले महेन्द्र नागा बाबा बालक गिरी ने बताया कि 11 दिनों से अन्न भी ग्रहण नही किया है केवल एक गिलास दूध का सेवन कर रहते हैं। एक सवाल के जवाब में नागा संन्यासी ने कहा, मेरी बात सुन ले। कौन है बागेश्वर, हम नहीं जानते आगेश्वर, वागेश्वर को।


RNI : UPHIN/2012/45286

शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र (प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया)

YouTube shakuntimes

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के सम्पूर्ण जिले में तहसील और ब्लाक स्तर पर संवाददाता की

प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया

यदि आप भी समाज में फैले हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध उठाना चाहते है आवाज़ तो शकुन टाइम्स दे रहा है आपको एक बेहतरीन मौका

अधिक जानकारी के लिए
अपना नाम व जिला हमें
WhatsApp करें।


9935781155, 9415052283


# इजरायल को मिली बंधकों की सूची

## गाजा में युद्धविराम लागू, फिलिस्तीनी अपने घरों की ओर लौटने लगे

एजेंसी

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)।** फिलिस्तीन के चरमपंथी समूह हमास ने उन तीन महिला बंधकों के नाम जारी कर दिए, जिन्हें वह रविवार को रिहा करने की योजना बना रहा है। बंधकों के नाम जारी करने के साथ ही संघर्ष विराम को लेकर गतिरोध दूर हो गया। इजराइल ने कहा कि गाजा में संघर्ष विराम स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजकर 15 मिनट पर प्रभावी हो गया है। स्थानीय समयानुसार संघर्ष विराम



को सुबह आठ बजकर 30 मिनट पर प्रभावी होना था लेकिन हमास की ओर से बंधकों की सूची जारी नहीं किए जाने के कारण इसमें लगभग तीन घंटे की देरी हुई। संघर्ष विराम के प्रभावी होते ही युद्ध वाली जगहों पर जश्न मनाया गया और कुछ फिलिस्तीनी अपने घरों की ओर लौटने लगे है। इससे पहले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास जब तक कई फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में रिहा किए जाने वाले तीन बंधकों की सूची नहीं दे देता, तब तक गाजा में संघर्ष विराम प्रभावी नहीं होगा। नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि उन्होंने सेना को निर्देश दिया है कि स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 30 मिनट पर प्रभावी होने वाला संघर्ष विराम ''तब तक प्रभावी नहीं होगा जब तक इजराइल के पास रिहा किए जाने वाले उन बंधकों की सूची नहीं आती, जिसे हमास ने उपलब्ध कराने का वादा किया था। इजराइल की सेना ने कहा कि वह गाजा पट्टी पर ''हमले जारी रखे हुए है'' क्योंकि हमास के साथ विवाद के कारण संघर्ष विराम प्रभावी होने में देरी हो रही है। सेना के मुख्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगरी ने कहा कि जब तक हमास रविवार को रिहा किए जाने वाले तीन बंधकों के नाम नहीं सौंप देता, तब तक संघर्ष विराम प्रभावी नहीं होगा।



# एफआरसीटी ने असहायों में वितरित किया कंबल

शकुन टाइम्स संवाददाता



**महराजगंज।** फास्ट रिलीफ चैरिटेबल टीम की ओर से एक्सल एकेडमी महराजगंज में जरूरतमंदों और असहायों को कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर संस्थापक महेन्द्र वर्मा ने बताया कि झुग्गी झोपड़ियों में रह रहे गरीब असहाय लोगों के लिए कम्बल वितरण तो शुरुआत है, अभी दीपावली व ईद के अवसर पर इनके बच्चों को नया कपड़ा भी वितरित किया जाएगा।

सह संस्थापक चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि जनपद में 14 वर्ष उम्र के अनाथ बच्चों को चिन्हित कर उन्हें ट्रस्ट द्वारा शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय में दाखिला कराया जाएगा सह-संस्थापक चरन सिंह कंवर ने बताया कि एफआरसीटी से जुड़े किसी वैधानिक सदस्य के दुखद निधन पर एफआरसीटी के सभी सदस्य निर्धारित न्यूनतम धनराशि 20 रुपए या 50 रुपए सीधे दिवंगत सदस्य के नॉमिनी के खाते में आर्थिक सहयोग भेजेंगे। टीम अपने दिवंगत सदस्य के परिवार को 50 लाख रुपए तक का आर्थिक मदद और गंभीर रूप से बीमार सदस्य के इलाज हेतु 10 लाख रुपए तक आर्थिक मदद करने का लक्ष्य बनाया है। प्रदेश कोर टीम से शिव सरन सिंह ने बताया कि एफआरसीटी द्वारा भविष्य में बालिका विवाह योजना भी लाया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश कोर टीम के देवेंद्र सहानी, जिलाध्यक्ष सुधीर त्रिपाठी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अनिल वर्मा, जिला महामंत्री सुनील वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार, पनियरा ब्लॉक अध्यक्ष रंजीत चौधरी, महामंत्री अनिल वर्मा, महेंद्र पासवान, रोटरी क्लब के सचिव देवेश पाण्डेय, एक्सल एकेडमी के निदेशक दशरथ गुप्ता, अभिषेक विश्वकर्मा, राजीव कुमार,हरि प्रकाश गुप्ता, सुनील कुमार गौतमआदि मौजूद रहे।

# माइनर नहरों में नहीं पहुंच रहा पानी, किसान परेशान

शकुन टाइम्स संवाददाता

**बलरामपुर।** करोड़ों की लागत से बनाई गई राप्ती नहर परियोजना का लाभ अधिकांश किसानों को नहीं मिल रहा है। कुछ माइनर ऐसे हैं जिसमें पानी ही नहीं छोड़ा जा रहा है। ऐसे भी माइनर हैं जिनमें रैट होल के चलते पानी छोड़े जाते ही वह कट जाती हैं और फसलें जलमग्न हो जाती हैं। सिंचाई योजना का लाभ केवल नहर किनारे खेतों को ही मिल पाता है। लगभग 65 किमी लम्बी राप्ती नहर योजना के लाभ से हजारों किसान वंचित हैं। इसका मुख्य कारण नहर की पूरी क्षमता के साथ न चलना भी है। वहीं मुख्य नहर से निकली माइनर की ऊंचाई अधिक होने के कारण टेल तक पानी नहीं पहुंच पाता है। जिस कारण माइनर किनारे लगी फसलों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल पा रहा है।राप्ती मुख्य लक्ष्मनपुर बैराज श्रावस्ती निकली है, जो कि बस्ती के रोहड़ी नदी में 125 किमी दूरी तय करके मिलती है। बलरामपुर में मुख्य नहर की लम्बाई लगभग 60 किमी है। हर्रैया सतघरवा क्षेत्र को असिंचित माना जाता है। यहां पहाड़ की जड़ें जमीन में फैली हैं, जिससे सिंचाई के निजी साधनों को लगवाना मुश्किल काम होता है। क्षेत्र में राजकीय नलकूप भी नहीं हैं। नहर के बनने पर लोगों को उम्मीद जगी थी कि अब उनकी फसलें प्राकृतिक वर्षा पर निर्भर नहीं रहेंगी। लेकिन कुछ ही दिन में किसानों का मिथक टूट गया। वर्ष 2022 में नहर का संचालन शुरू किया गया तो तमाम प्रकार की दिक्कतें सामने आने लगीं। सिंचाई योजना का लाभ केवल नहर किनारे के किसानों को मिल रहा है। किसानों की मानें तो मुख्य नहर से निकली माइनर में पानी का संचालन नहीं हो पा रहा है। इसका प्रमुख कारण है कि विभाग की ओर से पूरी क्षमता में नहर का संचालन नहीं कराया जाता।

## संक्षिप्त सामाचार

### लाइब्रेरी गई छात्रा की साइकल चोरी

**कैंम्पियरगंज।** थाना क्षेत्र के मोइनाबाद फारेस्ट चौकी के सामने गौरव लाइब्रेरी से पढ़ने गई छात्रा कि साइकिल को चोर ने उठा ले गया। चोरी की घटना सीसी कैमरे में कैद है।

काफी खोज बिन किया गया लेकिन साइकिल नहीं मिला।अब चोरों की निगाहे कोचिंग सेंटर,लाइब्रेरी पर जमी है। मौका पाते ही सायकिल पर हाथ साफ कर दे रहे हैं।

### प्रधान के परिजनों व लेखपाल पर अवैध धनउगाही करने का आरोप, जांच की मांग

**कर्नलगंज, गोंडा।** तहसील क्षेत्र के विकास खंड हलधरमऊ अन्तर्गत ग्राम पंचायत पहाड़ापुर के निवासी सुधीर कुमार ने मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा है कि ग्राम पंचायत पहाड़ापुर में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल श्रीवास्तव व लेखपाल सुजीत भारती लोगों को कृषि पट्टा और आवासीय पट्टा देने के नाम पर लोगों को गुमराह करके अवैध धन उगाही कर रहे हैं। वहीं ग्राम प्रधान के देवर संतोष श्रीवास्तव द्वारा लोगों से पट्टे के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। बताया कि इससे पूर्व प्रधान के भाई के ऊपर ग्राम समाज की भूमि को कब्जा करने पर उनके ऊपर लोक संम्पति क्षति निवारण अधिनियम का मुकदमा पंजीकृत हो चुका है। गाँव के युवा समाजसेवी अजय कुमार श्रीवास्तव सहित कई अन्य ग्रामीणों ने भी इस पर आपत्ति जताते हुए बताया कि ग्राम प्रधान के परिवार के लोग आगामी ग्राम पंचायत चुनाव की सुगबुगाहट सुनते ही डायरी लेकर पूरे ग्राम सभा में घूम रहे हैं और कह रहे हैं कि सर्वे हो रहा है। ग्रामीणों को चुनाव जीतने के बाद आवास व अन्य सुविधाएं दिलाने का झांसा दिया जा रहा है। वहीं प्रधान के परिजनों पर यह भी गंभीर आरोप लगा है कि वह ग्रामीणों को धार्मिक स्थान पर ले जाकर कसम खिलवाते हैं।

### साले ने जीजा पर चाकू से किया हमला, हालत गंभीर

**बहराइच।** जनपद के शहरी क्षेत्र के नगर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत महाजनी स्कूल के पास पत्नी को मायके से लेने पहुंचे पति पर पत्नी के भाई ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले से घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया,जहां उसकी स्थिति अब भी नाजूक बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के नगर कोतवाली क्षेत्र के महाजनी स्कूल के पास रहने वाले 35 वर्षीय लुकमान की अपने पत्नी से कुछ दिन पूर्व किसी बात पर विवाद हो गया था। कहा सुनी के बाद पत्नी पति का घर छोड़कर अपने मायके चली गई थी। काफी दिन बीत जाने के बाद जब पत्नी अपने मायके से नहीं लौटी तो पति लुकमान पत्नी को लेने उसके घर पहुंच गया। जहां पर उसके साले द्वारा उसके ऊपर हमला कर दिया गया।

### इंडो-नेपाल बार्डर पर पुलिस, एसएसबी का सुरक्षा का कड़ा पहरा

**बहराइच ।** जिले के इंडो-नेपाल बॉर्डर पर आगामी गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस एवं एसएसबी का कड़ा सुरक्षा व्यवस्था बढ़नी शुरू हो गई है। इसी क्रम मे पुलिस क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा व सुजौली पुलिस ने एसएसबी 76वीं बटालियन के साथ सीमा गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बॉर्डर पर संयुक्त रूप से गश्त भी की गई। बताया गया है कि स्वंत्रता दिवस व महाकुंभ के मद्देनजर सीमा सुरक्षा की तैयारियों पर चर्चा की गई। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल जानकारी साझा करने का निर्णय लिया।

# पत्रकार हमले पर पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल, 24 घंटे बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोंडा।** जिले के परसपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक गाँव के पास में खबर कवरेज करने के लिए जा रहे एक पत्रकार पर दबंगों द्वारा जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। यह घटना शनिवार को उस समय हुई जब पत्रकार लखन लाल मिश्र, निवासी केशरी पुरवा सरैंया, शाहपुर खबर कवरेज के लिए जा रहे थे। इस दौरान आरोपियों ने उनकी गाड़ी को जानबूझकर टक्कर मारी और हमला किया। पीड़ित पत्रकार ने बताया कि आरोपी देवेश कुमार ओझा पुत्र रमेश चंद्र ओझा, संजय ओझा पुत्र राजाराम, दीपू पुत्र त्रिवेणी मिश्रा निवासी उपरोक्त और तीन-चार अन्य अज्ञात लोग बोलेरो गाड़ी में सवार होकर आए। उन्होंने उनको मार डालने की नियत से गाड़ी से टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद दीपू ने हॉकी से पीटना शुरू कर दिया और संजय गन्ना काटने वाला गंड़ासा लेकर दौड़ते हुए बोले इसे जान से मार दो,जिंदा नहीं बचना चाहिए। बहुत पत्रकार बने हैं। किसी तरह पत्रकार ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई और सीधे परसपुर थाने पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। हमलावरों ने उनकी बाईक भी तोड़ दी है। पत्रकार के मुताबिक आरोपी दबंग व अपराधिक प्रवृत्ति के हैं। खबर लिखे जाने तक घटना के लगभग 24 घंटे बीत जाने के बाद भी परसपुर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या आरोपियों के दबदबे के कारण पुलिस निष्क्रिय बनी हुई है। इस घटना से पत्रकार समुदाय में आक्रोश है। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। अब देखना यह होगा कि परसपुर पुलिस आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाती है या यह मामला भी अन्य घटनाओं की तरह दबा दिया जाएगा। पत्रकारों की सुरक्षा के लिए इस प्रकार की घटनाओं पर त्वरित और सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है।

# हाटा चीनी मिल परिक्षेत्र के 50 गन्ना किसानों का दल गन्ना देखने सीतापुर रवाना

## कृषकों के खेत पर देखेंगे उनका गन्ना- को.0118, को.15023 : करन सिंह

शकुन टाइम्स संवाददाता




**कुशीनगर।** न्यू इण्डिया सुगर मिल ढाढ़ा हाटा परिक्षेत्र के हेतिमपुर, कसया, गौरीबाजार, हाटा के 50 गन्ना कृषकों के अध्ययन यात्रा बस को हरी झंडी दिखाकर अधिशासी अध्यक्ष करन सिंह ने रवाना किया।

मिल के अधिशाषी अधिकारी करन सिंह ने कहा कि अध्ययन यात्रा प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य हाटा चीनी मिल क्षेत्र के गन्ना किसान, हरगांव चीनी मिल, सीतापुर क्षेत्र के किसानों के खेत पर जाकर गन्ना फसल को देखेंगे। जहां किसान उपज 400 से 500 कुंतल व कुछ कृषकों की 600 कुंतल प्रति एकड़ कैसे मिल रही है। जबकि ढाढ़ा चीनी मिल में गन्ना आपूर्ति औसतन 200 कुंतल प्रति एकड़ से कम हो रही है। किसान सबसे अधिक उपज देने वाली प्रजाति को. 0118, को. 15023 गन्ना फसल देखेंगे। वहां के किसान गन्ने के साथ आलू, लहसुन, मटर, गोभी, टमाटर, गेहूं की सहफसली खेती कर रहे हैं। कुशीनगर के किसान वापस लौटकर वहां पर सीखा, अपने खेती में आजमाएंगे। उपज बढ़ेगी, खुशहाली आएगी यही यात्रा का उद्देश्य है। उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक एक वरिष्ठ गन्ना कृषि विशेषज्ञ ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि मैंने कृषक अध्ययन यात्रा कार्यक्रम में भारत के सभी गन्ना उत्पादक राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक हरियाणा, पंजाब, संपूर्ण उत्तर प्रदेश बिहार, उड़ीसा आदि राज्यों का भ्रमण एवं अध्ययन किया है। गन्ने की खेती के लिए कुशीनगर जैसी उत्कृष्ट मिट्टी बहुत कम है। आवश्यकता है वैज्ञानिक ढंग से खेती करने की पेड़ी प्रबंधन तथा गन्ने के साथ आलू, लहसुन, प्याज, गोभी, टमाटर की सहफसली खेती करने की। करन सिंह के कुशल गन्ना प्रबंधन, मार्ग निर्देशन तथा गन्ना कृषि यंत्रों के प्रयोग से आएगी गन्ना क्रांति, गांव गांव में गन्ना कृषि यंत्र का प्रदर्शन हो रहा है। श्रमिकों की समस्या दूर होगी, किसानों की आय बढ़ेगी।

**हरगांव-सीतापुर के किसान कैसे ले रहे हैं 400 से 500 कुंतल प्रति एकड़ गन्ने की उपज।**

**अध्ययन यात्रा से गन्ने की वैज्ञानिक खेती के प्रति बढ़ेगी जागरूकता: ओमप्रकाश गुप्ता**

इस दौरान चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक गन्ना अवधेश गुप्ता, गौरी बाजार क्षेत्र के गन्ना प्रबंधक रामदेव शर्मा, ढाढ़ा चीनी मिल के वरिष्ठ अधिकारी डी.डी. सिंह देवेश गिल गन्ना प्रबंधन मौजूद थे।

# जिला पुलिस ने आपरेशन धर-पकड़ के तहत 08 वारंटियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा

शकुन टाइम्स संवाददाता




**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने वांछितों और वारंटियों की गिरफ्तारी का अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने रविवार को कुल 8 वारंटियों और वांछितों की गिरफ्तारी की। इन्हें थाने लाया गया और पुलिस लाइन से संबंधित कोर्ट भेज दिया गया। वांछितों और वारंटियों की गिरफ्तारी साप्ताहिक अभियान के तहत की गई।

इस दौरान दिनभर हड़कंप मचा रहा। इन वारंटियों को छुड़ाने के लिए सिफारिशी फोन भी पहुंचे ,लेकिन किसी को भी नहीं छोड़ा गया। एसपी घनश्याम चौरासिया के निर्देश पर जिले के सभी थानों ने वांछितों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए निकली। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा जनपद में वांछित व वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान आपरेशन धरपकड़ के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी भिनगा संतोष कुमार के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह थाना कोतवाली भिनगा हमराही पुलिस टीम द्वारा 05 वारंटी आलोक कुमार सोनी पुत्र राधेश्याम रस्तोगी निवासी मोहल्ला पुरानी बाजार कस्बा थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती सम्बन्धित प्रकीर्ण वाद संख्या 717/2022 धारा 125(3) ,अभिलाख वर्मा उर्फ भया पुत्र रामअचल निवासी गौड़रा थाना कोतवाली भिनगा धारा धारा 379, 411, 413 ,419 ,420, 467, 468,469,471 ,टिल्लू उर्फ पिल्लू उर्फ नरेन्द्र कुमार पुत्र बच्चू निवासी लोनियनपुरवा दाखिली लालपुर महरी थाना कोतवाली भिनगा धारा 26 एफ एक्ट,पट्टू पुत्र बाऊर निवासी चकवा थाना कोतवाली भिनगा, धारा 60(2) एक्स एक्ट ,ननकू पुत्र रामछबीले निवासी रामप्रसादपुरवा दाखिली दुर्गापुर के पी थाना कोतवाली भिनगा, धारा 60 एक्स एक्ट को उनके घरो पर दविश देकर गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज थाना सिरसिया हमराह पुलिस टीम के टिकोरी धोबी पुत्र भगौती निवासी उधोपुरवा दाखिली शंकरपुर और मुन्ना लाल पुत्र बिरजा निवासी टंग पसरी थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती को धारा 4/25 ए एक्ट, धारा 3/25 ए एक्ट थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती के घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया तथा थानाध्यक्ष शैलकान्त उपाध्याय थाना हरदत्तनगर गिरन्ट जनपद श्रावस्ती हमराह पुलिस टीम के साथ ननकू पुत्र सुक्खा निवासी खैरहवा दाखिली ददौरा थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती को धारा 60 एक्स एक्ट थाना -हरदत्तनगर गिरन्ट जनपद- श्रावस्ती को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सभी वारंटियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया है।एसपी ने बताया कि आपरेशन धर-पकड़ अभियान के तहत 8 वारंटियों की गिरफ्तारी हुई है। ये वे लोग हैं जो कोर्ट की तारीखों पर नहीं जा रहे और जिनकी पुलिस को तलाश है।

## अवैध कच्ची शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई: 20 लीटर शराब बरामद,

गोंडा। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश प्रयागराज के आदेशानुसार चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जनपद गोंडा में अवैध कच्ची शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी नेहा शर्मा एवं संयुक्त आबकारी आयुक्त, लखनऊ जोन के निर्देशन में और उप आबकारी आयुक्त व जिला आबकारी अधिकारी के कुशल नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। रविवार को सर्किल-4 कर्नेलगंज की आबकारी टीम ने थाना कोतवाली देहात के अंतर्गत संदिग्ध ग्राम लोनियन पुरवा, मौजा भुलभुलिया में दबिश दी। इस दौरान टीम ने 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की और आबकारी अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के तहत दो अभियोग पंजीकृत किए। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है और आगे भी यह अभियान इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगा। इस कार्रवाई से इलाके में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन की सख्ती से उम्मीद है कि अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगेगी और समाज में शांति व्यवस्था बनी रहेगी।

# रक्तदान नहीं बल्कि जीवनदान: सतीश मणि त्रिपाठी

## युवा रक्तवीर टीम द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 13 ने किया रक्तदान

शकुन टाइम्स संवाददाता



**कुशीनगर।** जिले के कसया तहसील क्षेत्र के घेरा चौराहे पर रविवार को युवा रक्तवीर टीम कुशीनगर एवं श्री बालाजी चैरिटेबल ब्लड बैंक द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें 20 लोगों ने रक्तदान हेतु रजिस्ट्रेशन कराया जबकि 13 लोगों ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सतीश मणि त्रिपाठी अध्यक्ष गन्ना विकास परिषद कसया ने कहा कि रक्तदान महादान है,इससे बढ़कर कोई दान नहीं हो सकता है।इसे रक्तदान नहीं बल्कि जीवनदान कहिए। रक्तदान किसी की जान बचाता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूनम जायसवाल जिला मीडिया प्रभारी भाजपा महिला मोर्चा ने कहा कि रक्तदान शिविर में महिलाओं व युवतियों को भी भाग लेना चाहिए जिससे कि किसी की जान बचाई जा सके। किसी का किया गया रक्तदान गर्भवती महिलाओं की भी जान बचाता है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी बनती है हर क्षेत्र में महिलाएं जब पुरुषों की बराबरी करती हैं। तो इसमें भी उनको आगे आना चाहिए।विशिष्ट अतिथि नीरज सिंह बिट्टू मनोनीत सभासद पडरौना ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के आयोजन से जागरूकता बढ़ेगी। और ग्रामीण इलाकों के लोग भी रक्तदान करके किसी की जान बचा सकेंगे। उन्होंने खुद रक्तदान किया। कार्यक्रम को ग्राम प्रधान उग्रसेन यादव,प्रधान प्रतिनिधि विजय तिवारी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अवधेश पाण्डेय, रामायण यादव ने संयुक्त रूप से किया। आयोजक फिरोज अंसारी व बृजमोहन पटेल ने आगन्तुक अतिथियों का स्वागत व आभार ज्ञापित किया। रक्तदाता 48 वर्षीय शाबिर अंसारी आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजेश गुप्ता मुन्ना, रामजीत गुप्ता, असगर, मुदस्सिर, अनवर, बलिराम यादव, ऋषभ गुप्ता, सूर्य प्रकाश राय, ओमकार यादव, प्रिय तिवारी, सौम्या उपाध्याय, जमालुद्दीन, सिकंदर, आफताब, मनोज चौबे आदि लोग मौजूद रहे।

**इन्होंने किया रक्तदान**

अजहरुद्दीन अंसारी, अब्दुल मजीद, नीरज सिंह बिट्टू, नवल किशोर मद्देशिया, शहीद अली, प्रद्युम्न यादव, अशफाक आलम, अखिलेश मद्देशिया, देवेन्द्र,नौशाद अली, शाबिर अंसारी, गोबिंद रावत, क्यामु आलम ने रक्तदान किया।

# गंदगी और बजबजाती नालियां से लोग परेशान, जिम्मेदार अंजान

शकुन टाइम्स संवाददाता

**श्रावस्ती।** रास्ते पर जलभराव व गंदगी व बजबजाती नालियां लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। पानी भरा रहने से इंटरलाकिंग सड़क भी बदहाल हो रही है। इसके बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। सिरसिया विकास क्षेत्र के अमरहवा गांव में स्वाच्छ भारत अभियान दम तोड़ रहा है।

जलभराव व गंदगी से पटी नालियां गांव की पहचान बनी हुई है। नालियों की नियमित सफाई न होने से पानी रास्ते पर बह रहा है। इससे लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की माने तो जलनिकासी के लिए सड़क किनारे नाली का निर्माण कराया गया था। नाली का पानी गांव के ही एक व्यक्ति के निजी भूमि में जा रहा था। लेकिन अब उस व्यक्ति ने अपनी जमीन में पानी जाने से रोक दिया है। साथ ही कुछ स्थानों पर लोगों ने नाली को पाट कर अतिक्रमण कर लिया है। इससे जलनिकासी अवरुद्ध हो गई है। ऐसे में नाली का पानी इंटरलाकिंग सड़क पर भरा रहता है। इससे आने जाने वाले लोगों को समस्या होती है। वहीं सड़क पर पानी भरा रहने से सड़क भी बदहाल होकर गड्ढे में बदलती जा रही है। इसके साथ ही नालियों की सफाई नहीं होती। इससे नाली कचरे से पटी हुई है। ऐसे में नाली का पानी रास्ते पर एकत्र हो जाता है। वहीं गंदगी व जलभराव से संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है। बावजूद इसके जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। लोगों का कहना है कि नाली को अतिक्रमण मुक्त कराने के साथ ही तालाब से जोड़ दिया जाय तो समस्या का समाधान हो जाएगा। लोगों से समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

# नेशनल एवार्ड समारोह कर युवा जनकल्याण समिति गोरखपुर मे रचा इतिहास

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गोरखपुर।** युवा जनकल्याण समिति गोरखपुर द्वारा स्वामी विवेकानन्द जयंती स्मृति मे राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह समारोह के रुप मे राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन शहर के गीता मैरेज हाउस मे किया गया! कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि महिला आयोग उत्तर प्रदेश सरकार कि उपाध्यक्ष चारु चौधरी ,विशिष्ठ अतिथि पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री पुष्पदंत जैन, वरिष्ठ समाजसेविका सुधा मोदी,बौद्ध संग्रहालय के उप-निदेशक यशवंत सिंह राठौर,धराधाम प्रमुख सौरभ पाण्डेय,आज अखबार गोरखपुर के सम्पादक अखिलेश चंद ,वरिष्ठ समाजसेवी विजय कुमार श्रीवास्तव के उपस्थिति मे विवेकानन्द जी माँ सरस्वती जी कि प्रतिमा समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया! कार्यक्रम कि अध्यक्षता संस्थापक पं. बृजेश पाण्डेय ज्योतिषाचार्य द्वारा किया गया तथा आयोजन अध्यक्ष कुलदीप पाण्डेय के अथक प्रयास से सम्मपन्न हुआ! कार्यक्रम मे महासचिव अखिलेश मल्ल व सचिव राजकुमार जायसवाल तथा कार्यालय प्रभारी आदित्य जायसवाल का सहयोग रहा! सकुशल संचालन डा. सरिता सिंह व सुनील मणि त्रिपाठी द्वारा किया गया! सम्मान के दौरान नेशनल आईकॉन ,गोरखपुर आईकॉन अवार्ड,प्रतिष्ठा सम्मान से देश के 18 राज्यों से आयें चर्चित चेहरें को सम्मानित किया गया. साथ ही कुछ प्रतिष्ठित व्यक्तियों, समाजसेवियों, खिलाड़ियों एवं स्कूल के प्रतियोगिता मे भाग लिए चयनित छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया तथा बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गयी! अध्यक्ष कुलदीप पाण्डेय ने उद्बोधन मे कहा कि सम्मान समारोह मे लगभग 200 लोग सम्मानित हुए कार्यक्रम सफल रहा सबका सहृदय धन्यवाद! युवा जनकल्याण समिति द्वारा विगत दिसम्बर माह मे आवेदन जारी किया गया था जिसमे कई राज्यों से 300 लोगो को जिसमे समाजसेवी,रक्तदाता,पत्रकार, चिकित्सक,खिलाड़ी, साहित्यकार, संस्था,फिल्मजगत, शिक्षा आदि दर्जनों क्षेत्रों मे कुशल कार्य करने व अपनी अलग पहचान बनाने वालों को चयनित कर सम्मानित किया है! सम्मानित होने वालों में प्रमुख रूप से समाधान वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष पंडित रामकृष्ण शरण मनी त्रिपाठी एवं उनके पिता पंडित रविंद्र मोहन त्रिपाठी केंद्रीय अधिमान्य मीडिया आयोग के जिला चेयरमैन दुर्गेश मिश्र वरिष्ठ पत्रकार सुनील पांडे कब तक न्यूज़ के एडिटर विनय तिवारी प्रभात धर दुबे सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे तथा उन लोगों ने युवा समाजसेवी कुलदीप पांडे के इस भव्य कार्यक्रम की सराहना की।



# गरीबो की सेवा से बढ़कर कोई पुनीत कार्य नहीः वीरेंद्र सिंह

शकुन टाइम्स संवाददाता




**चहनियां ( चंदौली )।** क्षेत्र के कैलावर स्थित श्री खड़ेश्वरी स्वामी संस्थान में रविवार को सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि चंदौली सांसद पूर्व मंत्री वीरेन्द्र सिंह और विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने दो हजार गरीबों व असहायों को कम्बल वितरण किया। विधायक सहित मौजूद पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ ने मुख्य अतिथि का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद व पूर्व मंत्री वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि विधायक जी को बधाई देता हूं जिन्होंने ऐसे नेक आयोजन किया। गीता में लिखा है कि असहायों की सेवा से बढ़कर कोई सेवा से नही है।

समाजवादी ने हमेशा गांव गरीब के बारे में सोच रखी। बाबा साहेब अंबेडकर ने आजाद भारत का जो सपना देखा था वो साकार हुआ। उन्होंने छुआ छूत को खत्म कर मानवता की सोच रखी। समाज मे सबको एक समान, एक समाज का नियम बनाया। बाबा साहेब के बनाये सम्बिधान को भाजपा सरकार खतरे में डाल रही है। लेकिन आपने इस बार 2024 मे भाजपा को उसकी कथनी करनी का अंतर दिखा दिया। विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने कहा कि हम अपने बुजुर्गों का सदैव इसी तरह से सेवा करता रहूंगा। क्योंकि इनकी सेवा से बढ़कर कुछ नही है। बाबा साहेब के सम्बिधान को बचाने के लिए हम कुछ भी कर सकते है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर, जेष्ठ पूर्व प्रमुख राजीव कुमार सिंह मुन्ना, विधान सभा अध्यक्ष सुभाष यादव, राजीव सिंह मुन्ना, जिला पंचायत सदस्य रविन्द्र यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप यादव, सुनील यादव, गिरजा शंकर पांडेय, जय प्रकाश तिवारी, सुषमा यादव, केशव राजभर, लल्लन सिंह, गायक रामजन्म यादव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार सिंह यादव ने किया।

## यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का हुआ आयोजन



शकुन टाइम्स संवाददाता

**डीडीयू नगर/ चंदौली।** आज यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल बबुरी में विदाई समारोह आयोजित हुआ।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ? दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक सूर्यमुनी तिवारी ने माँ सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर बाहरवीं कक्षा के विद्यार्थियों के माथे पर रोली तिलक लगाकर उपहार देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें विदाई दी। भाजपा नेता विद्यालय प्रबंधक सूर्यमुनी तिवारी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करके हुए बताया कि युवा देश के उज्जवल भविष्य है विधार्थीयों को समय का सही सदुपयोग करने का प्रेरणादायक उदबोधन दिया और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें विदाई उपहार दिया। इस मौके विद्यालय प्रबंधक भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी, प्रिंसिपल अरविंद मिश्रा, राजकुमार त्रिपाठी, अरविंद त्रिपाठी, वैभव त्रिपाठी, अरुण मौर्या, आदर्श गुप्ता,बसंती सिंह, संगीता सिंह, ज़ेबा परवीन, प्रितेश उपाध्याय, सूरज पाण्डेय, अभिलाषा, मीरा, धीरज, राहुल सिंह, रविंद्र नारायण त्रिपाठी, मंजु, आरती, शिवम्, कमलेश्वर सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त सामाचार

### पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का दर्ज कराया मुकदमा

**गाजीपुर।** दिलदारनगर कस्बा के बजरंग मुहल्ला निवासी विवाहिता अनिता देवी ने शनिवार को कोतवाली में तहरीर देकर ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया। पुलिस ने पति मुकेश उर्फ योगेश लाल श्रीवास्तव व सास रूबी के खिलाफ केस दर्ज किया है। विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरा विवाह पांच मई 2016 को मुकेश कुमार उर्फ योगेश लाल श्रीवास्तव निवासी मुहल्ला बारह पत्थर डेहरी वार्ड 35 थाना डेहरी आनसोन जिला रोहतास से हुआ। जिनका हाल पता चीनी मिल मुहल्ला राधेश्याम मास्टर के मकान के थाना टाउन चार किला बक्सर बिहार के मकान में किरायेदार है।

पति ने शादी कर उसी दिन नोटरी मजिस्ट्रेट बक्सर के समक्ष उपस्थित होकर नोटरी के माध्यम से विवाह का दस्तावेज तैयार कराया और उस दस्तावेज में बतौर पत्नी को रखने और पति- पत्नी धर्म का पालन करने का वचन दिया और शपथ पत्र तैयार कराया। पति से मेरे दो बच्चें है। सास रूबी पत्नी कैलाश विवाह के बाद से मारपीट एवं प्रताड़ित करती थी। दहेज में बाइक, टीवी, फ्रीज नहीं लेकर आओगे तो मैं तुम्हे नहीं रखूंगा और मेरे सास व पति मारपीट कर भगा दिये। लगभग 6 माह से मैं दोनो लड़कों को लेकर मायके में रह रही हूं। बच्चें भुखमरी व बीमारी के शिकार भी है। थाना निरीक्षक अशोक मिश्रा ने बताया विवाहिता के तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### खिचड़ी समरसता समारोह का किया गया आयोजन

**गाजीपुर।** महाराणा प्रताप क्षत्रिय समाज सेवा न्यास पर रविवार को महाराणा प्रताप खिचड़ी समारोह समरसता रविवार को मनाया गया। पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह एवं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य अंबिका सिंह, लल्लन सिंह, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, सुभासपा के राष्ट्रीय महासचिव शक्ति सिंह, माध्यमिक शिक्षक संघ के करंडा ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए लोगों से उनके जीवन को आचरण में लेने के लिए कहा।

डा. स्वतंत्र सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन से आपसी भाईचारा बढ़ता है। ऐसे कार्यक्रमों में बढ़चढ़कर हिस्सेदारी निभानी चाहिये। इस दौरान भाजपा नेता सुशील कुमार सिंह, पशुपतिनाथ सिंह, वेद प्रकाश सिंह वेदु, डा. मृत्युंजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह मटरू सहित अन्य मौजूद रहे। समाजसेवी विनय कुमार सिंह और शिवजी सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति के प्रार्थना की।

### बिना काम कराये ही डकार गए चार लाख

**मरदह।** विकास खंड मरदह के ग्राम प्रंचायत सरार उर्फ हैदरगंज यूपीडा की ओर से खुदायी करायी गयी थी। जिसे ग्राम प्रधान सहित अन्य ने अमृत सरोवर बताकर आठ लाख आठ हजार 825 रूपया डकार गये। अब इनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सीडीओ संतोष कुमार वैश्य ने पत्र जारी करते हुए कार्रवाई करने के लिए डीएम को भेज दी है। हालांकि डीएम आर्यका अखौरी ने मामले में दो बिंदुओं पर अलग से कमेटी बनाकर जांच कर रिपोर्ट मांगा है। बता दें कि ग्राम पंचायत सरार उर्फ हैदरगंज के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के निर्माण के समय यूपीडा द्वारा पूर्व में पोखरी गाटा संख्या 1189 की खुदाई कराकर मिट्टी निकलवाई गयी थी। ग्राम प्रधान रमायन यादव ने ग्राम पंचायत सचिव की मिलीभगत से इस पोखरी में अमृत सरोवर की खुदाई दिखाकर चार लाख आठ हजार 825 रुपये गबन कर दिया। इस मामले में जीउत बंधन राम द्वारा शिकायत सम्बन्धित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर की गयी थी। शिकायत के आधार पर मामले की जांच की गयी। जांच में ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत सचिव दोषी मिले है।

## जदयू ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की लिस्ट की जारी



शकुन टाइम्स संवाददाता

**सासाराम/रोहतास।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में युवा जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राष्ट्रीय सचिव संजय कुमार को पार्टी का स्टार प्रचारक बनाया गया। इसके लिए पार्टी के युवा जदयू के राष्ट्रीय सचिव सह मीडिया प्रभारी नीतीश पटेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त किया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए जदयू स्टार प्रचारको की सूची जारी हो गई है। पार्टी के महासचिव आफक अहमद खान ने 20 सदस्य की सूची को मुख्य चुनाव आयुक्त को भी भेजा है।

स्टार प्रचारको की सूची मे जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह, राम नाथ ठाकुर, केसी त्यागी, मंत्री अशोक चौधरी, श्रवण कुमार, लेसी सिंह, मदन साहनी, जमा खान, सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, कौशलेन्द्र कुमार, आर पी मण्डल आदि शामिल है।गौरतलब है कि दिल्ली की सभी 70 सीटों पर मतदान 5 फरवरी को होगा जबकि चुनाव परिणाम 8 फरवरी को आएंगे।

## इंसान बनने व बनाने का केंद्र है शिक्षण संस्थानः सुशील सिंह

### कक्षा 6 से 10 तक के 250 छात्रों के बीच हुई परीक्षा




शकुन टाइम्स संवाददाता

- प्रतिस्पर्धी परीक्षा में कुल दो दर्जन छात्र हुए पुरस्कृत

**धानापुर।** विकास खंड क्षेत्र के नेगुरा (बिन्दपुरवा) गांव में रविवार को विधायक सुशील सिंह ने प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया। उक्त गांव में युवा संघर्ष समिति द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 10 तक के कुल 250 बच्चे सम्मलित हुए। जिसमें अव्वल रहे छात्र व छात्राओं को रविवार को पुरस्कृत किया गया।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सुशील सिंह ने अव्वल छात्रों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इंसान बनने व बनाने का केंद्र शिक्षण संस्थान ही होता हैं। इसलिए बच्चों को मेहनत कर अपने शानदार लक्ष्य के प्रति दृढ़संकल्पित होना चाहिये। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के बेहतर भविष्य की कामना किया। प्रथम पुरस्कार पंखा, द्वितीय पुरस्कार बड़ी शिल्ड और तृतीय पुरस्कार ईगल रखा गया था। कार्यक्रम में सुजीत जायसवाल, सत्यवान मौर्य, रमेश द्विवेदी, अरविंद मिश्रा,चंद्रभान मौर्या, राणा प्रताप सिंह, महेंद्र बिंद, कमलेश बिंद रविकांत बिंद आदि अन्य उपस्थित रहे।

### बच्चों को परिश्रम कर अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्पित होना चाहिये : विधायक सुशील सिंह

**चंदौली/धानापुर।** ग्राम सभा नेगुरा (बिन्दपुरवा) मे रविवार को युवा संघर्ष समिति द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अव्वल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। पुरुस्कार वितरण करते हुए सैयदराजा विधायक सुशील सिंह ने कहा कि इंसान बनने व बनाने का केंद्र शिक्षण संस्थान ही होती है। बच्चों को परिश्रम कर अपने शानदार लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्पित होना चाहिये। साथ ही उन्होंने सभी प्रतिभागियों के बेहतर भविष्य की शुभकामना की। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पंखा, द्वितीय पुरस्कार शिल्ड, तृतीय पुरस्कार शिल्ड था। प्रतियोगिता मे कक्षा 6 से 10 तक के कुल लगभग 250 बच्चे सम्मलित थे। इस मौके पर सुजीत जायसवाल, सत्यवान मौर्य, अरविंद मिश्रा, रमेश द्विवेदी, चंद्रभान मौर्या, राणा प्रताप सिंह, महेंद्र बिंद के अलावा कार्यक्रम के आयोजक कमलेश बिंद व रविकांत बिंद थे।

## निदिलपुर गांव में मां दुर्गा के मूर्ति का हुआ प्राण प्रतिष्ठा

- प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व हुआ दो दिवसीय कार्यक्रम
- विद्वान ब्राह्मणों ने विधि विधान से कराया पूजन अर्चन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**धानापुर।** निदिलपुर गांव में नवनिर्मित मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा रविवार को दो दिवसीय कार्यक्रम के साथ संपन्न हो गया। क्षेत्र के विद्वान ब्राह्मणों ने सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक जलाधिवास की पूजा सम्पन कराया। ततपश्चात मंदिर के आस पास के जगह को जागृत करने के लिए मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से पूजन अर्चन किया।

पूजा करा रहे मुख्य पुरोहित पंडित परभंस पांडेय ने बताया कि इस तरह के पूजा से मंदिर तथा आस पास के योग्य जगह में दैवीय शक्ति की उत्पत्ति की जाती है। ताकि परिसर को सभी प्रकार के बाधाओं से मुक्त कर देवताओं के रहने युक्त आसन तैयार किया जा सके। मंदिर में हुए प्राण प्रतिष्ठा के बाद उसे आम श्रद्धालुओं के पूजन अर्चन के लिए खोल दिया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम प्रधान रमाकांत, संतोष सिंह, धर्मराज गिरी, शोभनाथ मौर्य, सिद्ध प्रकाश मौर्य, रमेश मौर्य, सुदामा सिंह, बसावन तिवारी, दिनेश तिवारी, रविनाथ तिवारी, छविनाथ तिवारी, चंदन तिवारी, गुड्डू गिरी, हरि ओम तिवारी, पिंटू मौर्य, अभिषेक सिंह, घुलेटन तिवारी, पिंकल गिरी, आनंद यादव, मेवायादव, अमित मौर्य, शमशेर मौर्य, गुड्डू मौर्य, रोहित मौर्य, अमित मौर्य, अशोक मौर्य, मुनिलाल प्रजापति, अनिल मौर्य, कमलेश मौर्य, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

शकुन टाइम्स संवाददाता




**जमानिया।** क्षेत्र में ठंड से बचाव के लिए विभिन्न स्थानों पर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। तियरी गांव में उपजिलाधिकारी अभिषेक कुमार की देखरेख में करीब 150 कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता पारसनाथ राय ने कहा कि समाज के हर वर्ग का दायित्व है कि वह जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आए।

उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यों से समाज में सहयोग और सेवा की भावना मजबूत होती है। उपजिलाधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि शासन द्वारा गरीबों और असहायों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ठंड के प्रकोप को देखते हुए प्रशासन द्वारा वितरण कार्यक्रमों का विस्तार किया जाएगा, ताकि हर जरूरतमंद को राहत पहुंचाई जा सके। इस अवसर पर राकेश राय, विष्णु प्रताप सिंह, ओम प्रकाश राय, सुरेश वर्मा, नितेश कुमार, संजय कुमार, विनोद यादव, इन्द्र प्रताप सिंह अजय यादव और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए ठंड से बचाव के लिए मिली सहायता पर प्रसन्नता व्यक्त की। इसी प्रकार, हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ग्राम सभा बरूईन निवासी एवं श्री आदित्य इंटर कॉलेज, दाउदपुर के शिक्षक किशलय कांत सिंह ने अपने पिता कैलाश सिंह की पुण्यतिथि पर एक वृहद कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें लगभग 250 कंबल वितरित किए गए। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने वाली इस पहल के लिए किशलय कांत सिंह की सराहना करता हूं। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अखिलेश कुमार शर्मा शास्त्री ने किया।

इस अवसर पर प्रो. अरुण कुमार, डॉ. अभिषेक तिवारी, डॉ. विजय श्याम पांडेय, शिक्षक प्रभाकर सिंह, सभासद प्रमोद कुमार यादव, पूर्व प्रधान अजय गुप्ता, वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार, प्रधान प्रतिनिधि योगेंद्र संदीप जायसवाल, शंभू नाथ यादव, कमलेश प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। दोनों कार्यक्रमों में स्थानीय जनता ने इन प्रयासों की सराहना की और ठंड से राहत के लिए मिली सहायता को सराहनीय बताया।

## जिलाधिकारी ने अद्वैत शिवशक्ति परम धाम, डूहा बिहरा का किया भ्रमण

**सिकन्दरपुर/बलिया।** संत ईश्वरदास ब्रह्मचारी उर्फ मौनी बाबा जी के अंतिम दर्शन के लिए आने वाले भक्तगणों की सुरक्षा के दृष्टिगत समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश। जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ओमवीर सिंह ने रविवार को अद्वैत शिवशक्ति परम धाम श्री मौनीश्वर धाम, डूहा बिरहा का भ्रमण किया। जिलाधिकारी ने संत ईश्वरदास ब्रह्मचारी उर्फ मौनी बाबा जी के अंतिम दर्शन के लिए आने वाले भक्तगणों की सुरक्षा के दृष्टिगत समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश अपर जिलाधिकारी श्री देवेंद्र प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कुमार झा को दिए। इसके साथ ही उन्होंने वाहनों की पार्किंग के लिए स्थल चिन्हित करने, बैरिकेडिंग कराने एवं आवागमन के लिए विभिन्न मार्गों को चिन्हित कर रूट प्लान निर्धारित करने सहित आदि आवश्यक निर्देश दिए।

## फाइनल मुकाबले में उसीया ने मऊ को 4-1 से किया पराजित

शकुन टाइम्स संवाददाता



**धानापुर।** अमर वीर इंटर कॉलेज के मैदान पर अमर शहीद स्पोटिंग क्लब के तत्वाधान में अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन रविवार को किया गया। फाइनल मैच मऊ बनाम उसीया के बीच खेला गया। जिसमें उसीया ने मऊ को 4-1 से पराजित कर खिताब पर कब्जा कर लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सैयदराजा विधायक सुशील सिंह रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला आफजाई करते हुए कहा कि क्षेत्र के युवाओं के लिए मैं हमेशा तत्पर रहता हूं। इस अमर वीर इंटर कॉलेज के मैदान को चहारदीवारी के साथ चार लाइट लगाई जाएगी और अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। खिलाड़ियों के लिए हिंगुतरगढ़ और धरहरा में स्टेडियम बनाया जा रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को ट्रॉफी वितरण किया। 45-45 मिनट के खेल में पहले हाफ में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। दूसरे हाफ के 10वे मिनट में उसीया के सनी ने कलात्मक ढंग से गोल कर अपने टीम को बढ़त बना लिया। 15वे मिनट में डी एरिया के अंदर हैंड होने पर पेनल्टी के मदद से मऊ के ओसामा ने गोल कर बराबरी पर ला दिया। उसीया ने 25वे मिनट में सलात के पास पर इरफान ने गोल कर अपने टीम को एक बार फिर बढ़त बना लिया। 35वे मिनट में मऊ के सूरज राजभर ने गोल कर बराबरी पर ला दिया। 40वे मिनट में हैंड पर मिले पेनल्टी से भोला ने गोल कर बढ़त बना लिया 45वे मिनट में भोला ने एक और 4-2 से टीम को जीत दर्ज करा दिया। इस दौरान मुख्य रूप से मंजूर खान, इबरार उल हक, कृष्णा सिंह, विमल सिंह, अकबाल अहमद, शाह आलम खान, हसनैन खान, हाजी बिस्मिल्लाह, नियमुल हक खान सहित हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। कमेंट्री आतिफ खान और इनाम खान एवं संचालन जेपी रावत तथा निर्णायक राशिद खान, शमशाद खान और उमेश कुमार रहे।

## पार्टी जो कहती है वह करती हैः वीरेंद्र सिंह

### सपा ने पीड़िता विधवा मनसा देवी को पार्टी फंड से एक लाख रुपये की मदद दी

शकुन टाइम्स संवाददाता



**चंदौली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज सिंह काका द्वारा की गई पहल के बाद, पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने पीड़िता मनसा देवी को एक लाख रुपये की मदद देने का निर्णय लिया। यह मदद एक दुखद घटना के बाद दी गई। जिसमें सैयदराजा विधानसभा के करजरा गांव में भूमि विवाद के चलते ऑटो चालक अजय प्रजापति की दबंगों द्वारा हत्या कर दी गई थी। पीड़िता ने इस मामले में समाजवादी पार्टी से मदद की अपील की थी। घटना के बाद, पार्टी के सांसद वीरेंद्र सिंह सकलडीहा, विधायक प्रभुणारायण यादव और प्रवक्ता मनोज सिंह काका रविवार को मनसा देवी के घर पहुंचे और उन्हें पार्टी फंड से एक लाख रुपये का चेक सौंपा। इस दौरान सांसद वीरेंद्र सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। पार्टी जो कहती है, वह करती है। उन्होंने यह भी बताया कि पीड़िता को पहले ही व्यक्तिगत रूप से 50 हजार रुपये की मदद दी जा चुकी है। वहीं विधायक प्रभुणारायण यादव ने कहा कि इस दुखद घटना के जिम्मेदारों को किसी भी हाल में सजा मिलेगी। प्रवक्ता मनोज सिंह काका ने भी आश्वासन दिया कि पार्टी हत्यारों को सजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी और न्याय के लिए संघर्ष करेगी। इस अवसर पर समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत यादव, पूर्व ग्राम प्रधान दयाराम यादव, विधानसभा अध्यक्ष रामजन्म यादव, ग्राम प्रधान जगमेंद्र सिंह यादव, शंभु प्रजापति, सीताराम प्रजापति, अवधेश प्रजापति, मैनेजर गोंड, गुरुदयाल यादव, बचाऊ प्रजापति समेत अन्य स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस घटना के बाद से समाजवादी पार्टी ने यह स्पष्ट किया कि पार्टी पीड़ितों के साथ हमेशा खड़ी रहेगी और हर संभव मदद मुहैया कराएगी।



# 6 महीने हुए पूरे शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट के,टीबी रोगियों को आहार वितरण के

- जिसमें मुख्य अतिथि रहे क्षय रोग अधिकारी डां राकेश सिंह
- टीबी हारेगा देश जीतेगा लगा नारा, लगातार करते ट्रस्ट के सभी सदस्य मेहनत

शकुन टाइम्स संवाददाता



**हापुड़।** रविवार को शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गढ़ रोड स्थित सरकारी अस्पताल पर किया गया टीबी रोगियों को आहार वितरण, जहां पर इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे जिला अस्पताल के क्षय रोग अधिकारी राजेश सिंह, क्षय रोग अधिकारी राकेश सिंह ने बताया कि शालोम चैरिटेबल ट्रस्ट जो समाज सेवा कर रही है वह एक बहुत हिम्मत का कार्य है तथा इस कार्य के लिए ट्रस्ट के सभी सदस्य को उन्होंने बधाई दी तथा उन्होंने बताया कि ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत सिंह लगातार अपनी टीम के साथ टीबी रोगियों को जो आहार वितरण कर रहे हैं और जितना ट्रस्ट मेहनत कर रही है हम सभी उनको उनकी मेहनत के प्रति बधाई देते हैं एवं अच्छे कार्य के लिए शुभकामनाएं और यह जो शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट है।

यह हर महीने हमारे 40 रोगियों को आहार वितरण करती है जो की बहुत ही अच्छा काम है और हमने इसे मुलाकात करके बहुत अच्छा लगा तथा तब से लगातार पिछले 6 महीने से लगातार अपने कार्य पर लगे हुए हैं, एक पेशेंट अगर हमारा इलाज में कंप्लीट होता है तो फिर दूसरे मैरिज को यह अपने आप ले लेते हैं ,इनका बहुत-बहुत धन्यवाद और मैं चाहूंगा कि के समाचार पत्र के माध्यम से और लोगों को भी यह मैं अपील करूंगा उनसे निवेदन करूंगा कि वह भी इस तरह का कार्य करें ताकि हमारे समाज में एक अच्छा मैसेज जाए, जो टीबी की पेशेंट है वह अच्छा पोषण ले और जल्द से जल्द ठीक हो और हम जल्द से जल्द अपने हापुड़ को टीवी मुक्त करें और फिर अपने देश को टीबी मुक्त करें मैं सभी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं उनकी मेहनत के प्रति,तो वहीं ट्रस्ट से महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉक्टर प्रियंका शर्मा ने बताया कि आज हमे चल रहा है हमारे टीवी के चलते हुए 6 महीने पूरे हो चुके हैं और हमारा यह टारगेट है कि टीवी हारेगा और देश जीतेगा और हमारे इसी पर मिशन और हम अपने भावनाओं के साथ इसी चीज पर लगे हुए हैं कि हम अपने जिले को हापुड़ जिले को टीवी से मुक्त करें,तो वही ट्रस्ट की उपाध्यक्ष भारती सिंह ने बताया कि कार्यक्रम है और टीवी मुक्त भारत और हमारा यह उद्देश्य है कि हमारा जिला टीवी मुक्त हो और इसी मिशन को लेकर हम लोग आगे चल रहे हैं जैसा कि आज हमने कार्यक्रम किया है राष्ट्रीय शहरों में कार्यक्रम और हम इस कार्यक्रम में है।

और हमारा यह उद्देश्य है कि हमारे जिला टीवी मुक्त हो इसके उपलक्ष्य में आज टीवी रोगियों को 40 टीवी रोगी है जिनको हमने राशन वितरण किया है प्रोटीन युक्त और वितरण किया है और मैं बहुत शुक्रिया आदर करती हूं ऊपर वाले का की आज मैं 6 महीने पूरे हो चुके हैं हमारी संस्था जब हमारी संस्था का नाम है शालोम चैरिटेबल ट्रस्ट और इस संस्था के माध्यम से हम अपने जिले में प्रयास कर रहे हैं कि हमारे जिला जल्द से जल्द टीवी मुक्त हो और आज में पूरे हो चुके हैं, वही ट्रस्ट संयोजक कपिल कुमार ने बताया कि आज लगभग 6महीने से हमारी संस्था काम कर रही है और ये काम करते हो बड़ी खुशी हो रही है, यहां पर लोगों को सेवा करना है और हम जो लगातार हम सेवा कर रहे हैं हम देख रहे हैं कि उनकी सेवा करके हमें बहुत मन को शांति मिलती है हमारी जो शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट का जो नाम ही शालोम का मतलब शांति होता है हमारा जो मुख्य उद्देश्य है पूरे विश्व में शांति फैलाना और हापुड़ सहित चारों तरफ टीबी मुक्त हो हमारा देश, तो वहीं मौजूद रहे।

## लखनऊ के नए जिलाधिकारी विशाख ने लिया चार्ज

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ के नए जिलाधिकारी विशाख जी. अय्यर ने रविवार को चार्ज ले लिया। सूर्यपाल गंगवार ने चार्ज सौंपा। लखनऊ के डीएम रहे सूर्यपाल गंगवार को सीएम का सचिव बनाया गया है। गुरुवार को बड़ी संख्या में आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया था। 2011 बैच के आईएएस अधिकारी विशाख जी. अय्यर मूल रूप से केरल के रहने वाले हैं। उनकी गिनती सीएम योगी के चहेते असफरों में होती है। लखनऊ के नवनियुक्त जिलाधिकारी विशाख जी ने बीटेक किया है। चित्रकूट, हमीरपुर, कानपुर और अलीगढ़ समेत कई जिलों में जिलाधिकारी के रूप में कामकाज देख चुके हैं। वाराणसी और मेरठ में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) के पद पर रहते हुए उन्होंने कई विकास योजनाओं को गति दी। कानपुर नगर में दो बार डीएम रहने के दौरान उन्होंने औद्योगिक और शहरी विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया। अलीगढ़ के डीएम रहते हुए उनकी कार्यशैली ने प्रशासनिक सुधारों में नई मिसाल पेश की। लखनऊ में डीएम के रूप में विशाख जी की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब राजधानी में प्रदूषण, यातायात और शहरी विकास से जुड़े कई मुद्दे प्रमुख हैं। विशाख अय्यर के अनुभव और कार्यशैली को देखते हुए लखनऊ के लिए एक नई शुरुआत की उम्मीद की जा रही है। विशाख अय्यर ने 2019 में आईएएस अपूर्वा दुबे से शादी की थी। अपूर्वा दुबे देवरिया की रहने वाली हैं और मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत थीं। यह जोड़ी प्रशासनिक कार्यों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भरोसेमंद टीम का हिस्सा मानी जाती है।

## पत्नी मायके गई, युवक ने की आत्महत्या

**लखनऊ।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक का नाम शिवम (21) पुत्र हरि सिंह है। रविवार सुबह वह अपने कमरे में पंखे से लटका मिला। युवक की पत्नी दिव्या का पेपर चल रहा है, जिसकी वजह से वह मायके गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों की तरफ से भी कोई शिकायत नहीं मिली है। जानकारी के मुताबिक, इचवालिया गोसाईगंज निवासी शिवम ने फांसी लगाई है। युवक ने अपने कमरे में चादर का फंदा बनाकर पंखे से लटककर जान दे दी। पुलिस के अनुसार, अभी तक आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि आखिर किन परिस्थितियों में युवक ने यह कदम उठाया। यह पता चला है कि युवक की पत्नी मायके गई थी।

## महाकुम्भ में ड्रोन शो का आयोजन करेगा पर्यटन विभाग

### 24 जनवरी को यूपी डे,25 को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस और 26 को गणतन्त्र दिवस को लेकर ड्रोन शो की थीम तैयार -जयवीर

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** पर्यटन विभाग विश्व के सबसे बड़े आस्था के समागम प्रयागराज में व विशेष महाड्रोन शो का आयोजन करेगा। त्रिवेणी संगम के आकाश में मेक-इन-इंडिया ड्रोन पेश करेंगे परम्परा और तकनीकी का अनूठा संगम। ड्रोन शो के माध्यम से महाकुम्भ की अध्यात्मिक कथा को एक नूतन और अनोखे रूप में प्रस्तुत किया जायेगा। यह ड्रोन शो 24, 25 व 26 जनवरी को आयोजित होगा, इसके लिए अलग-अलग थीम का चयन किया गया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि महाड्रोन शो के अंतर्गत 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस तथा 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर शो आयोजित किये जायेगे। ड्रोन शो के अंतर्गत समुद्र मंथन की भव्य कथा, जिसमें 14 रत्न उत्पन्न हुए थे के प्रसंग को भी दिखाया जायेगा। भगवान शिव का शौर्य, जिन्होंने संसार को बचाने के लिए विष पी लिया था। अन्य प्रसंग में कुम्भ कलश जिसकी दिव्य बूंदे गिरने से महाकुम्भ की शुरूआत हुई थी। ऊँ का पवित्र जाप, जो वातावरण में दिव्य शक्ति का संचार करेगा। ड्रोन शो की तीन दिन की अवधि के दौरान 2500 ड्रोन विभिन्न धार्मिक एवं प्रासंगिक चित्र प्रस्तुत करेगे। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर शाम को ड्रोन शो निःशुल्क रहेगा। उन्होंने बताया कि 4000 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले मेला क्षेत्र के 2000 हेक्टेयर की परिधि में आने वाले श्रद्धालुओं को दिखाई देगा। इस ड्रोन शो के माध्यम से महाकुम्भ के आकाश में विहंगम दृश्य देखने को मिलेगे। पर्यटन विभाग ने ड्रोन शो के लिए लगभग पूरी तैयारियां कर ली। ड्रोन शो के माध्यम से महाकुम्भ को दिव्य एवं भव्य बनाने की तैयारी है। श्रद्धालु महाकुम्भ की शुरूआत से लेकर नये भारत के मेक-इन-इंडिया ड्रोन्स का आनंद उठा सकेंगे।

## संक्षिप्त सामाचार

### पैदल जा रही महिला का मोबाइल छीना, विरोध करने पर दिया धक्का

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चौक इलाके में रविवार सुबह पैदल जा रही महिला का मोबाइल छीनकर लुटेरे फरार हो गए। लुटेरे पल्सर बाइक से महिला के पास पहुंचे और झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया। पीड़िता ने चौक थाने में तहरीर दी है। डीम पैलेस रिंग रोड थाना ठाकुरगंज की रहने वाली तबस्सुम पत्नी अकील रविवार सुबह 7.35 बजे चरक चौराहा चौक के पास रिक्शे उतरी थी। वहां से पैदल चौक चौराहा की तरफजा रही थी। तबस्सुम ने बताया कि वो श्री लस्सी कार्नर के पास पहुंची थी। तभी पल्सर बाइक सो दो लड़के मास्क लगाकर आए और मोबाइल पर झपट्टा मारा तो उन्होंने विरोध किया। इसपर तबस्सुम को धक्का दे दिया और मोबाइल लेकर फरार हो गए। तबस्सुम जब तक कुछ समझ पाती। इसके पहले ही दोनों गायब हो गए। तबस्सुम ने बताया बाइक की नंबर प्लेट गोल्डन कलर की थी। कोहरा के चलते बहुत ज्यादा नहीं देख सकी। दोनों बदमाशों ने मास्क लगा रखा था। बाइक चलाने वाला युवक काले रंग की जैकेट पहने था और पीछे बैठा लड़का लाल रंग की जैकेट पहने था। मामले में इंस्पेक्टर चौक का कहना है कि तहरीर मिली है। उसके आधार पर जांच की जा रही है।

### महाकुंभ में 22 जनवरी को होगी योगी कैबिनेट की बैठक

**लखनऊ।** इस बार योगी कैबिनेट की बैठक प्रयागराज महाकुंभ में होगी। 22 जनवरी को पूरा मंत्रिमंडल प्रयागराज में कैबिनेट बैठक के साथ कुंभ स्नान करेगा। शासन और मेला प्रशासन ने इसे लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं।22 जनवरी बुधवार को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक प्रयागराज में होगी। सुबह 11 बजे से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कैबिनेट की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। इसके पहले 29 जनवरी 2019 को प्रयागराज कुंभ के दौरान कैबिनेट बैठक बुलाई गई थी। पिछले कुंभ की कैबिनेट बैठक में गंगा एक्सप्रेस वे का फैसला लिया गया था। प्रत्येक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन पर उस जिले में कैबिनेट बैठक के आयोजन का सिलसिला जारी है। काशी विश्वनाथ धाम में 16 दिसंबर 2021 को कैबिनेट बैठक आयोजित की गई थी। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले 9 नवंबर 2023 को कैबिनेट बैठक हुई थी।

### डबल डेकर वोल्वो बस पलटी, सात महिलाएं घायल, एक बच्चे की हालत गंभीर

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पारा इलाके में डबल डेकर वोल्वो बस पलट गई। बस दिल्ली से प्रयागराज जा रही थी। हादसा घटनास्थल तिकुनिया मोड़ के पास हुआ है। बस ओवर लोड थी। सात महिलाएं घायल हैं जबकि एक बच्चे की हालत गंभीर है। सभी को लोकबंधु अस्पताल भेजा गया है। बस अमन नाम के ट्रैवल एजेंट ने बुक किया था। इसमें 35 से 40 श्रद्धालु सवार थे। सभी महाकुंभ जा रहे थे। हादसा अचानक से ब्रेक लगने के कारण हुआ है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला कि बस की रफ्तार तेज थी। मोड़ पर अचानक ब्रेक लगाने के कारण अनियंत्रित होकर पलटी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस की छत पर भारी सामान लदा था। इसी वजह से बस का संतुलन बिगड़ा है। सूचना मिलने पर पारा, दुबग्गा और तालकटोरा थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को लोकबंधु अस्पताल भेजा गया।

## मौत के बाद भी वेंटिलेटर सपोर्ट का फ्राड, अस्पताल में परिजनों का हंगामा

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ के निजी हॉस्पिटल ने मरीज की मौत के बाद भी फ्रॉड किया। मरने के बाद मरीज को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखने का झांसा दिया। परिजनों से वसूली की गई। इसकी जानकारी होने पर परिवारवालों ने जमकर हंगामा किया। मामला रविवार सुबह चौक के यूनाइटेड अस्पताल का है। हंगामे से जुड़ा वीडियो भी सामने आया है। इसमें मरीज के परिजन, अस्पताल वालों पर आरोप लगा रहे हैं। वहीं, अस्पताल संचालकों का कहना है कि हमने गलत किया है, तो हमारे साथ भी गलत होगा। हालांकि मृतक के परिजनों ने न्याय की गुहार लगाई है। मृतक के बेटे गोविंद ने बताया कि मेरे पिता नरेश चंद्र, बेसिक शिक्षा विभाग में टीचर पद से रिटायर हो चुके थे। 26 दिसंबर को मोहनलालगंज के सिग्मा ट्रॉमा सेंटर में कुल्हे की सर्जरी के लिए भर्ती कराया था। यहां आयुष्मान कार्ड के जरिए सर्जरी हुई। सर्जरी के बाद डिस्चार्ज करके जब हम घर ले गए, तो कुछ दिनों बाद से उन्हें परेशानी होने लगी। पहले सांस फूलने की समस्या हुई पर बाद में टांके भी पक गए। इस बीच दर्द भी बढ़ गया। इसके बाद उन्हें आशियाना के क्रिटिकेयर अस्पताल में भर्ती कराया। गोविंद ने बताया कि यहां इलाज के दौरान करीब ढाई लाख का खर्चा आया। इसके बावजूद उन्हें पूरी तरह से राहत नहीं मिली। इलाज की रकम लगातार बढ़ने के कारण उन्हें मल्हौर के एमएमसी हॉस्पिटल में शिफ्ट कराया। यहां भी पहले सुधार था, लेकिन अचानक हालत बिगड़ गई। वहां के डॉक्टरों ने केजीएमयू या लोहिया संस्थान लेकर जाने को कहा। पर दोनों ही जगह बेड खाली न होने पर यूनाइटेड अस्पताल लेकर जाने को मजबूर होना पड़ा। फिर हम हम उन्हें लेकर यूनाइटेड अस्पताल पहुंचे। यहां भर्ती करने के बाद से मौके पर मरीज को देखने के लिए एक भी डॉक्टर नहीं थे। अस्पताल के ही कुछ लोग फोन करके डॉक्टर से बात कर रहे थे और मरीज का इलाज कर रहे थे। गोविंद ने बताया कि 16 जनवरी यानी गुरुवार की रात पिता को यूनाइटेड अस्पताल में भर्ती कराया था। भर्ती करने से पहले अस्पताल के संचालक शैलेश और भूपेंद्र से मिलकर बात भी की थी।

## लखनऊ-कानपुर हाईवे से नदी में पलटा ट्रक

### एसडीआरएफने केबिन काटकर ड्राइवर को निकाला

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ-कानपुर हाईवे से ट्रक सई नदी में पलट गया। एसडीआरएफटीम ने केबिन काटकर ड्राइवर को बाहर निकाल लिया है। उसे गंभीर हालत में सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना बंथरा थाना क्षेत्र के लखनऊ-उन्नाव बॉर्डर की है। घटना के कारण सई नदी पुल पर जाम लगा है। पुलिस ने सुरक्षा के इंतजाम बढ़ा दिए हैं। हादसे के बाद मौके पर भीड़ लग गई। स्थानीय लोग भी मदद करने में जुटे रहे। ट्रक यूपी 75 एम 1897 में लोहे की चादर लोड थी। ड्राइवर दिनेश (28) हरवा गांव थाना शिवरतन गंज जिला अमेठी का रहने वाला है। कानपुर से लोहे के चादर लादकर लखनऊ आ रहा था। लखनऊ-कानपुर हाईवे से सई नदी में पलटे ट्रक ड्राइवर को एसडीआरएफ टीम ने केबिन काटकर बाहर निकाला है। उसे गंभीर हालत में सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना बंथरा थाना क्षेत्र के लखनऊ-उन्नाव बॉर्डर की है। हादसा शनिवार रात 3 बजे हुआ है। सरोजनी नगर फायर स्टेशन टीम सूचना के बाद 4.05 बजे घटना स्थल पर पहुंची थी। इसके बाद 5.15 बजे एसडीआरएफ को सूचना दी गई। आधे घंटे बाद एसडीआरएफटीम भी मौके पर पहुंची। दोनों टीमों ने रेस्क्यू किया। सुबह 9.30 बजे केबिन काटकर घायल ट्रक ड्राइवर को बाहर निकाल लिया गया है।

## अग्निवीर भर्ती का 10वां दिन, ट्रेडसमैन के लिए 13 जिलों के 611 अभ्यर्थी हुए शामिल

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ कैंट स्थित एएमसी स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती रैली के 10वें दिन ट्रेड्समैन के अभ्यर्थी शामिल हुए। इस दौरान 13 जिलों के 611 अभ्यर्थी पहुंचे। इस भर्ती के लिए कुल 766 अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी किया गया था। इससे पहले अग्निवीर भर्ती के 9वें दिन शनिवार को अग्निवीर असिस्टेंट भर्ती के लिए 13 जिलों के 194 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। उससे पहले 8वें दिन शुक्रवार को टेक्निकल केटेगरी के अभ्यर्थी पहुंचे। इस रैली के लिए कुल 13 जिलों के 918 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 670 अभ्यर्थी पहुंचे।10 जनवरी से शुरू हुई अग्निवीर भर्ती रैली में पहले 7 दिन तक जीडी ट्रेड में भर्ती हुई। इसी के तहत गुरुवार को भर्ती रैली में बाराबंकी और चित्रकूट जिले के अभ्यर्थी शामिल हुए थे। उससे पहले रैली के 6वें दिन बुधवार को औरैया और बांदा जिले के अभ्यर्थी पहुंचे थे। 5वें दिन मंगलवार को कानपुर देहात और महोबा के अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। वहीं, सोमवार को लखनऊ की 5 तहसील और उन्नाव के 6 तहसील के अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। रविवार को रैली के तीसरे दिन हमीरपुर और कन्नौज के अभ्यर्थियों को मौका मिला था। शनिवार को रैली के दूसरे दिन गोंडा और फतेहपुर के अभ्यर्थियों का फिजिकल हुआ। इस दौरान मीडिया को भी आर्मी सेंटर में एंट्री दी गई शुक्रवार को भर्ती के पहले दिन कानपुर के अभ्यर्थियों को भर्ती में मौका दिया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में अभ्यर्थी भर्ती के लिए पहुंचे हैं। ये भर्ती 10 जनवरी से शुरू होकर 22 जनवरी तक चलेगी। इसमें 13 जिलों के करीब 10 हजार युवा शामिल होंगे। भर्तियां कुल 4 ट्रेड्स में हो रही हैं। इनमें अग्निवीर जीडी, टेक्निकल, कार्यालय सहायक और ट्रेड्समैन है।

### जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग, विहिप ने निकाली पद यात्रा

**लखनऊ।** विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में लखनऊ में एक ऐतिहासिक पदयात्रा निकाली गई। गोमती नगर से शुरू होकर विशाल खंड 2 चौराहे तक निकली इस यात्रा में हजारों हिंदू-मुस्लिम युवाओं ने हिस्सा लिया। गोपाल राय ने कहा कि 1947 में 33 करोड़ की आबादी वाले भारत की जनसंख्या 2024 तक 144 करोड़ तक पहुंचने वाली है।

उन्होंने बताया कि बढ़ती जनसंख्या से बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और प्राकृतिक संसाधनों पर गंभीर दबाव पड़ रहा है। राय ने कहा कि जल, भोजन, ऊर्जा और चिकित्सा सेवाओं में कमी से आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने युवाओं से जनसंख्या नियंत्रण कानून के समर्थन में आवाज उठाने की अपील की। साथ ही, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि उनके शासन में धर्म और विकास का संतुलन बना है।

## सील होंगे राजधानी के 86 भवन, नगर निगम चलाएगा कुर्की और वसूली अभियान

शकुन टाइम्स संवाददाता




**लखनऊ।** शहर के लगभग तीन लाख भवन स्वामियों ने अभी तक गृहकर जमा नहीं किया है। वसूली के लिए नगर निगम अभियान चलाएगा। इसके तहत जोन वार विशेष शिविर भी लगाए जा रहे हैं। इसके बावजूद गृहकर जमा न करने वालों की कुर्की कराई जाएगी। 50 हजार रुपये से अधिक के बकायेदारों के भवन भी सील किए जाएंगे।

वर्ष समाप्त होने में ढाई महीने से भी कम बचे हैं। 7 लाख से अधिक भवन स्वामियों में से लगभग तीन लाख ने गृहकर जमा नहीं किया है। 86,000 व्यावसायिक भवनों में से लगभग 55,000 ने ही हाउस टैक्स जमा किया है। नगर निगम जल्द ही इन बकायेदारों को नोटिस जारी कर सीलिंग की प्रक्रिया शुरू करेगा। 31 मार्च से पहले गृहकर जमा न करने वाले भवन स्वामियों से 12 प्रतिशत ब्याज भी लगाया जाएगा। गृहकर के 81 बड़े बकायेदारों पर ही एक करोड़ से अधिक बकाया है। इसके अलावा 50 लाख रुपये से अधिक के 139 बकायेदार हैं। 50 हजार से अधिक धनराशि के 26300 भवन स्वामी हैं। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने शनिवार को टैक्स की वसूली को लेकर हुई बैठक में गृहकर के बड़े बकायेदारों से सख्ती से वसूली के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि असुविधा से बचने के लिए बकाया गृहकर जमा कर दें। घर बैठे हाउस टैक्स जमा करने की सुविधा है।


## सरकार से समुदाय तक पहुंचा टीबी अभियान, 26891 रोगी चिंहित

### 40 दिन में 10 हजार से ज्यादा निक्षय मित्र जुड़े, मरीजों को पोषण पोटली वितरित की

- बाकी 60 जिलों ने भी दिखाया दम, एक जनवरी से अब तक खोजे जोखिम वाले 15399 मरीज

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश भर में चल रहा 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान समुदाय तक पहुंच गया है। एक महीने में दस हजार से अधिक निःक्षय मित्रों का अभियान से जुड़ना और मरीजों को पोषण पोटली वितरित करना इसकी गवाही है। इस अभियान में अब तक 26891 जोखिम वाले मरीज चिंहित हुए हैं। खास बात यह है कि इसमें से 15 हजार से अधिक मरीज उन 60 जिलों से मिले हैं जहां मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद एक जनवरी से अभियान शुरू हुआ है। हाल ही में नगर निगम लखनऊ के पार्षदों के अभियान को समर्थन देने के वादे के बाद समुदाय के और जुड़ने की भरपूर उम्मीद है। प्रदेश भर के सभी सामुदायिक रेडियो को भी इस अभियान से जोड़ने की पहल हो चुकी है। महानिदेशक डॉ रतन पाल सिंह सुमन ने इन सराहनीय कोशिशों को समुदाय से जोड़ने की बेहतरीन पहल बताया है। उन्होंने बताया कि सात दिसंबर से शुरू हुए इस अभियान में अब तक 26891 टीबी मरीज खोजे गए हैं। ये सभी जोखिम वाली श्रेणी के मरीज हैं। इनमें 11492 मरीज उन 15 जिलों में मिले हैं जहां से अभियान की शुरुआत हुई थी और 15399 मरीज बाकी 60 जिलों में पाए गए हैं। डॉ रतनपाल ने बताया कि इस 100 दिवसीय अभियान के दौरान जोखिम वाले समूह के तकरीबन दो करोड़ 37 लाख लोगों को कवर करने का लक्ष्य है। इसमें से 89 लाख 49 हजार 329 लोगों यानि 38 प्रतिशत आबादी की स्क्रीनिंग कर ली गई है। महानिदेशक ने बताया कि 1,75,000 निक्षय शिविर लगाकर टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग और जागरूकता का काम किया गया जिसमें 18,178 निक्षय शिविर 52 निक्षय वाहन द्वारा लगाए गए।



### सीतापुर में सर्वाधिक मरीज खोजे


राज्य क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि मरीज खोजने के मामले मे सीतापुर शीर्ष पर चल रहा है। वहां अब तक सर्वाधिक 1394 मरीज मिले हैं। दूसरे नंबर पर सिद्धार्थनगर (1085), तीसरे नंबर पर आगरा (1034), चौथे नंबर पर बस्ती (1022) और पांचवें नंबर पर रामपुर (1020) में टीबी मरीज पंजीकृत हुए हैं। सबसे कम मरीजों वाले जिलों में श्रावस्ती (42), संतरवीदास नगर (49), चित्रकूट (59) व महोबा (59) मुख्य हैं।

### उच्च जोखिम वाले समूह

60 साल से अधिक आयु के लोग
डायबिटीज एवं एचआईवी के रोगी
पुराने टीबी मरीज़ पांच वर्ष के भीतर
तीन वर्ष के भीतर टीबी मरीज़ जिनका उपचार पूरा हुआ, के संपर्क मे रहने वाले
झुग्गी-झोपड़ियों, जेलों, वृद्धाश्रमों आदि में रहने वाले लोग
18.5 किग्रा/मी2 से कम बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) की कुपोषित जनसँख्या
धूम्रपान एवं नशा करने वाले रोगी

# सम्पादकीय

## सड़क हादसों पर गड़करी की चिन्ता जायज



भारत की सड़कों की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक में आए दिन सवाल सामने आते रहे है। कभी सड़क निर्माण होने के एक माह और तीन माह के बीच ही सड़क की परतें बिखरने, शहरों में बनने वाली सड़कों दस फिट से लेकर 15 फिट तक होल होने सहित कई घटनाएं सामने आती रहती है जो इस बॉत का प्रमाण है कि सड़कोंश् के निर्माण में गुणवत्ता और नियमों की कही न कही अनदेखी की जा रही है। 2021 में देश में सड़क हादसों में 1,53,972 मौतें हुई थीं, जो 2022 में बढ़कर 1,68,491 हो गईं। हालिया केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 12 दिसंबर को कहा था कि दुनिया में सड़क हादसों को लेकर सबसे खराब रिकॉर्ड हमारा है। सड़क हादसों पर उनकी याह चिन्ता बिलकुल जायज है। सड़क दुर्घटनाएं ना केवल जान-माल की हानि करती है, बल्कि इससे देश की अर्थव्यवस्था पर (स्वास्थ देखभाल की नजर से) भी काफी दुष्प्रभाव पड़ता है। हालाकि हर सड़क दुघर्टना में सड़के ही जिम्मेदार हो ऐसा नही है। कई सड़क दुघर्टनाओं में देखा गया है कि ज्यादा रफ्तार से गाड़ी चलाने, नशे में गाड़ी चलाने, गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात करने, ओवरटेकिंग करते समय लापरवाही, यातायात के नियमों का उल्लंघन, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक न होने, वाहन चालकों का यातायात के चिह्नों पर ध्यान न देना और पैदल चलने वालों का भूमिगत और पैदल पारपथ का इस्तेमाल न करने के कारण भी सड़क दुघर्टनाओं में मौते हुई है। यानि सड़क दुर्घटनाओं पर काबू न पाए जा सकने को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री की चिंता वाजिब है। इसके लिए वे खराब सड़क निर्माण को जिम्मेदार मानते हैं। इसके पहले भी उन्होंने संसद में कहा था कि विदेश में जब भी भारत में सड़क दुर्घटनाओं और सड़कों के निर्माण को लेकर बात होती है, तो उन्हें शर्म से मुंह छिपाना पड़ता है। सड़क दुर्घटनाओं के मामले में भारत दुनिया में पहले स्थान पर है। उनके अनुसार खराब सड़क निर्माण को गैर-जमानती अपराध बना दिया जाना चाहिए। सड़क निर्माण के ठेकेदारों और इंजीनियरों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। निस्संदेह यह सुझाव कठोर लग सकता है। मगर चूंकि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने संकल्प लिया है कि वह 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को घटा कर आधा करना है तो इस संकल्प को बिना ऐसे कठोर कदम के हासिल नही किया जा सकता।

मंत्रालय के अनुसार 2023 में पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं हुई, जिनमें से एक लाख बहत्तर हजार लोगों की मोत हो गई। इनमें से एक लाख चौदह हजार लोगों की उम्र अठारह से पैंतालीस वर्ष के बीच थी।इसका मतलब है कि हर दिन औसतन 474 लोगों की जान गई या लगभग हर तीन मिनट में एक मौत हुई। सड़क दुर्घटनाओं पर काबू पाने के लिए कई उपाय आजमाए जा चुके हैं। यातायात नियमों के उल्लंघन पर भारी जुर्माने का प्रावधान किया गया। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। मगर इसका कोई उल्लेखनीय असर नजर नहीं आया। सड़क दुर्घटनाएं हर वर्ष कुछ बढ़ी हुई ही दर्ज होती हैं। सड़क दुर्घटनाओं में मौत का सबसे बड़ा कारण सड़कों का खराब ढंग से निर्माण चिह्नित किया गया है। राजमार्गों और द्रुतगामी सड़को पर चौड़ाई आदि में एकरूपता और मोड़ों पर उचित तकनीक का इस्तेमाल न होने के कारण दुर्घटनाएं और मौतें अधिक होती हैं। परिवहन मंत्री ने इस बात की पहचान की और इसे स्वीकार भी किया। सड़कों पर जिन वजहों से दुर्घटनाएं और मौतें होती हैं, उन्हें दूर करने के लिए भारी रकम भी आबंटित की गई है। परिवहन मंत्री ने माना है कि खराब निर्माण सामग्री के इस्तेमाल और अव्यावहारिक डिजाइन की वजह से सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। उनकी चिंता जायज है, लेकिन इसके लिए जिम्मेदारी तय कौन करेगा। यह सर्वविदित है कि सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का पैमाना काफी ऊंचा है। सड़कों के ठेके देने से लेकर उनकी लागत तय करने और फिर तैयार सड़कों की गुणवत्ता का आकलन करने तक अनियमितताएं उजागर होती रहती हैं। इस तरह यह भ्रष्टाचार का एक संगठित तंत्र जैसा बन गया है। ऐसे में अगर ठेकेदारों और इंजीनियरों की कमियों को गैरजमानती अपराध घोषित कर भी दिया जाता है, तो उनमें इसका कितना भय होगा, कहना मुश्किल है। सड़कों की बनावट मानकों के अनुरूप नहीं है, इसका आकलन तो संबंधित महकमे को करना होता है। वैसे भी आम आदमी लाख शिकायत करते रहें।

# आम आदमी पार्टी तो अपना रिपोर्ट कार्ड पेश नहीं करेगी, सोचा हम ही आपको उनके काम बता दें

नीरज कुमार दुबे

> यानि दिल्ली की विधानसभा ने अपने इतिहास में पांच साल में सबसे कम विधेयक पारित करने का रिकॉर्ड भी बनाया है। खास बात यह रही कि यह जो 14 विधेयक पारित हुए उनमें से पांच विधायकों के भत्ते, सुविधाएं और उन्हें मिलने वाली सैलरी से संबंधित थे। साथ ही दिल्ली के विधायकों के कामकाज का आकलन इसी से लगाया जा सकता है कि 2020 से 2025 तक विधायकों ने विधानसभा में सालाना आधार पर औसत 219 प्रश्न ही पूछे। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के शासन में विधानसभा में जिस दिन भी कार्यवाही हुई वह औसतन मात्र तीन घंटे तक चली। इसके अलावा विधानसभा के 74 कार्य दिवसों में से मात्र नौ दिन ही प्रश्नकाल हुआ। यही नहीं, आम आदमी पार्टी की सरकार ने कभी विधानसभा का सत्रावसान भी नहीं किया ताकि जब चाहें

दिल्ली विधानसभा चुनावों को एक बार फिर जीतने के लिए आम आदमी पार्टी पूरा जोर लगा रही है। आम आदमी पार्टी वोट मांगने के दौरान अपनी मुफ्त की रेवड़ियों के बारे में तो जनता को बता ही रही है साथ ही वह संविधान और लोकतंत्र की दुहाई भी दे रही है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से दी गयी मुफ्त की सौगातें बड़ा छलावा साबित हुई हैं और लोकतंत्र तथा संविधान की मर्यादा का भी इस पार्टी की सरकार ने बिल्कुल ध्यान नहीं रखा। आप देख रहे होंगे कि आजकल अरविंद केजरीवाल रोज प्रेस के सामने आकर बड़ी बड़ी बातें कर रहे हैं लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले पांच सालों में इन्होंने कुछ काम नहीं किया और सारा वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से लड़ने में बर्बाद कर दिया। जिस विधानसभा को दिल्ली के लोगों की समस्याओं का हल निकालना था उसको आम आदमी पार्टी ने मोदी सरकार के खिलाफ प्रस्ताव पास करने का मंच बनाकर रख दिया। दिल्ली विधानसभा को किस तरह आम आदमी पार्टी ने अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति का मंच बना कर रखा इसे आप इसी से समझ सकते हैं कि निवर्तमान विधानसभा ने पूरे पांच साल में मात्र 74 दिन ही कार्य किया। पांच साल में 1825 दिन होते हैं मगर इनमें से काम हुआ मात्र 74 दिन। हम आपको बता दें कि यह दिल्ली की विधानसभा के अब तक के सबसे कम कार्य दिवस का रिकॉर्ड है। इसके अलावा बड़ी-बड़ी बातें करने वाली आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरे पांच साल में मात्र 14 विधेयक पारित किये।

यानि दिल्ली की विधानसभा ने अपने इतिहास में पांच साल में सबसे कम विधेयक पारित करने का रिकॉर्ड भी बनाया है। खास बात यह रही कि यह जो 14 विधेयक पारित हुए उनमें से पांच विधायकों के भत्ते, सुविधाएं और उन्हें मिलने वाली सैलरी से संबंधित थे। साथ ही दिल्ली के विधायकों के कामकाज का आकलन इसी से लगाया जा सकता है कि 2020 से 2025 तक विधायकों ने विधानसभा में सालाना आधार पर औसत 219 प्रश्न ही पूछे। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के शासन में विधानसभा में जिस दिन भी कार्यवाही हुई वह औसतन मात्र तीन घंटे तक चली। इसके अलावा विधानसभा के 74 कार्य दिवसों में से मात्र नौ दिन ही प्रश्नकाल हुआ। यही नहीं, आम आदमी पार्टी की सरकार ने कभी विधानसभा का सत्रावसान भी नहीं किया ताकि जब चाहें विधानसभा की बैठक बुला सकें और वहां से राजनीतिक बयानबाजी कर सकें। दरअसल विधानसभा का सत्रावसान होने पर सत्र को दोबारा आहूत करने के लिए उपराज्यपाल की अनुमति चाहिए होती है और उन्हें सदन की बैठक बुलाने का कारण भी बताना होता है। आम आदमी पार्टी को लगता था कि यदि उपराज्यपाल ने बैठक बुलाने की अनुमति नहीं दी तो कैसे अपने राजनीतिक हित सधेंगे इसलिए वह कभी सत्रावसान करते ही नहीं थे। यही नहीं, विधानसभा में सीएजी की जो रिपोर्टें प्रस्तुत की जानी थीं वह भी नहीं की गयीं। जहां तक आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से बांटी जाने वाली मुफ्त रेवड़ियों की बात है तो उसकी सच्चाई यह है कि जनता को जितना दिया नहीं गया उतना हर योजना में घोटाला हो गया है। यह घोटाले भी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तरीके के हैं। मसलन एक दारू की बोतल पर दूसरी बोतल फ्री दी गयी लेकिन शराब नीति के जरिये घोटाला करके दिल्ली के सरकारी खजाने को हजारों करोड़ रुपए का चूना लगा दिया गया। जनता को 200 यूनिट बिजली फ्री देने की बात की गयी लेकिन एक यूनिट फालतू होते ही भारी भरकम बिजली बिल भेजे गये। जनता को 700 लीटर पानी फ्री देने की बात हुई लेकिन लोगों के भारी भरकम पानी के बिल आये। खास बात यह रही कि पानी का बिल तो हर महीने आ गया लेकिन नल से जल हर रोज नहीं आया और जहां जहां नल से जल आया वह गंदा आया। इसके अलावा प्रदूषण से निबटने की कोई स्थायी और प्रभावी योजना नहीं होने के चलते दिल्ली इतनी प्रदूषित हो गयी कि लोगों को तमाम तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो गयी हैं। अक्सर बुजुर्गों को होने वाली सांस की बीमारी दिल्ली के बच्चों को भी हो गयी है। दिल्ली में पवित्र यमुना नदी को गंदा नाला बनने से रोकने में आम आदमी पार्टी की सरकार पूरी तरह विफल रही। दिल्ली में यमुना का जल इतना प्रदूषित है कि त्योहारों पर श्रद्धालु अगर पानी में चले जायें तो उन्हें चर्म रोग हो जाते हैं और इस पानी का शोधन करने में मशीनों के हाथ पांव फूल जाते हैं। यही नहीं, दिल्ली की सरकार अपने शिक्षा मॉडल का ढिंढोरा खूब पीटती है लेकिन अपने अब तक के कार्यकाल में वह एक भी नया स्कूल, एक भी नया कॉलेज या एक भी नया अस्पताल नहीं बना सकी है। दिल्ली में जल निकासी की व्यवस्था इतनी खराब है कि बारिश आने पर बेसमेंट में पानी भर जाने से छात्र डूब कर मर जाते हैं। यही नहीं, दिल्ली एमसीडी में आम आदमी पार्टी का शासन होने के बावजूद कूड़े के पहाड़ वहीं के वहीं हैं। इसके अलावा, अरविंद केजरीवाल भले इस समय मंदिर मंदिर जाकर हिंदुओं को लुभाने के प्रयास कर रहे हैं लेकिन तथ्य यह है कि आम आदमी पार्टी के शासन के दौरान ही हिंदू दीवाली पर पटाखे नहीं चला पाये।




यह बात भी गौर करने लायक है कि आम आदमी पार्टी महिलाओं को अभी 1000 रुपए मासिक देने और चुनाव बाद 2100 रुपए देने की बात कर रही है लेकिन सवाल उठता है कि महिलाओं की सुध उसे अपने शासन की शुरुआत या मध्य में क्यों नहीं आई थी? यही नहीं, एक दारू की बोतल पर दूसरी दारू की बोतल फ्री देकर आम आदमी पार्टी ने महिलाओं का ही सिरदर्द सबसे ज्यादा बढ़ाया था। वैसे यहां सवाल आम आदमी पार्टी से ही नहीं है बल्कि दिल्ली के मतदाताओं से भी है। आम आदमी पार्टी के घोषणापत्र में किये गये फ्री के वादों को देखने की बजाय क्या किसी मतदाता ने इस सरकार का रिपोर्ट कार्ड देखा है। दिल्ली के मतदाताओं को यह जानकर हैरानी होगी कि अपने घोषणापत्र का प्रचार कर रही आम आदमी पार्टी की सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड नहीं पेश कर रही है क्योंकि रिपोर्ट में दिखाने के लिए कुछ है ही नहीं। दिल्ली के मतदाताओं पर देश की नजर इसलिए भी है क्योंकि नवीनतम सांख्यिकीय पुस्तिका दर्शाती है कि साल 2023-24 में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 4,61,910 रुपये थी जो देश में गोवा और सिक्किम के बाद तीसरी सबसे अधिक है। यानि शहर की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय स्तर की प्रति व्यक्ति आय 1,84,205 रुपये से दोगुनी से भी अधिक थी।

# किन्नर अखाड़ा: जिज्ञासा के साथ श्रद्धा का स्थल भी

बीते कुछ सालों से अस्तित्व में आये किन्नर अखाड़े के प्रति श्रद्धालुओं का आकर्षण स्वाभाविक है। इस अखाड़े में जुटे हजारों महिला-पुरुष साष्टांग दंडवत कर उन्हें न सिर्फपूज रहे हैं बल्कि आशीर्वाद भी ले रहे हैं। सनातन धर्म में किन्नरों को भगवान शिव-उपासक और आशीर्वाद दाता के रूप में देखा जाता है। तीर्थराज प्रयाग महाकुंभ में करोड़ों तीर्थयात्री, लाखों कल्पवासी मोक्ष की लालसा में आए हैं। महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, धर्माचार्य, तमाम अखाड़ों से लेकर लाखों कल्पवासियों के बीच मेला क्षेत्र के सेक्टर-16 संगम लोअर मार्ग पर मौजूद किन्नर अखाड़ा लोगों की दिलचस्पी और जिज्ञासा का विषय बना है।

रोजाना हजारों श्रद्धालु यहां आकर आशीर्वाद लेकर खुद को कृतार्थ महसूस कर रहे हैं। संयोग देखिए, पैदा होने पर समाज ने ठुकराया, मुख्यधारा से अलग रखा गया। उसी किन्नर अखाड़ा में जुटे सैकड़ों-हजारों महिला -पुरुष साष्टांग दंडवत करके उन्हें न सिर्फपूज रहे हैं बल्कि उनका आशीर्वाद लेकर खुद को कृतार्थ महसूस कर रहे हैं। किन्नर अखाड़ा उज्जैन पीठ के महामंडलेश्वर पवित्रानंद गिरि बताते हैं कि शिव पुराण में अर्ध नारीश्वर का जिक्र मिलता है । हमारे आराध्य देव शिव होते हैं। अखाड़ों पर शोध कर रहे पीयूष आनंद बताते हैं कि महाकुंभ मेला में किन्नर अखाड़ा के प्रति लोगों का आकर्षण देखा जा रहा है। बीते कुछ सालों में ही किन्नर अखाड़ा की स्थापना की गई। तेरह अखाड़ों में एक प्रमुख अखाड़े के रूप में किन्नर अखाड़ा महज सात-आठ साल के भीतर अपनी खास पहचान बना चुका है। वरिष्ठ पत्रकार अनिल कुमार बताते हैं दृ किन्नर अखाड़ा स्थापित



करने की बात आई तो शुरुआती दिनों में इसका विरोध हुआ। सुप्रीम कोर्ट में वाद दाखिल कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि थर्ड जेंडर के रूप में जब सारे अधिकार हासिल हैं तो इनको पूजा पद्धति से कैसे रोका जा सकता है? सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद बाकायदा किन्नर अखाड़ा की स्थापना हुई। इस अखाड़े के संस्थापक मुखिया और आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने देश के अलावा विदेश तक से बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ने में खासी मशक्कत की। हिंदू धर्म छोड़कर पूर्व में इस्लाम अपनाने वाले कई दर्जन लोगों को किन्नर अखाड़ा ने घर वापसी कराई है। हिंदू सनातन धर्म में किन्नरों को भगवान शिव का उपासक और आशीर्वाद देने वाले के रूप में देखा जाता है। किन्नर अखाड़ा ने देश-विदेश, अलग-अलग क्षेत्रों में अब तक कई मंडलेश्वर और महामंडलेश्वर बनाए। आगे भी विस्तार की योजना है। महामंडलेश्वर आचार्य डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी का कहना है कि ट्रांसजेंडर राइट्स को लेकर किन्नर अखाड़ा कई महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। एक समय था, जब समाज में किन्नरों को हीन दृष्टि से देखा जाता था लेकिन अब काफी सकारात्मक बदलाव हुआ है। पहले उपेक्षात्मक रवैया था लेकिन अब काफी बदलाव हुआ है। बैंकॉक, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, सेन फ्रांसिस्को, अमेरिका, हॉलैंड, फ्रांस और रूस सहित दुनिया के कई देशों के ट्रांसजेंडरों को इस अखाड़े में शामिल करने का लक्ष्य है। खुद की कोई संतान तो नहीं हुई पर हजारों लोगों की मां, अम्मा, मइया और माई की भूमिका निभा रहीं किन्नर अखाड़ा प्रमुख डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी खुद को गौरवान्वित महसूस करती हैं। हजारों किन्नरों के मां, अम्मा, माई और मइया जैसे संबोधन और अपनत्व खुद में रोमांच पैदा करता है।

# हिट हुए गीत मगर शोहरत न मिली

> हर विधा पर संगीत रचा गया। ऐसे में कुछ संगीतकारों को अपार शोहरत मिली। लेकिन कुछ संगीतकार विलक्षण प्रतिभा के बावजूद कुछ गीतों के संगीत तक सीमित रहे। हालांकि उनके वो गीत भी कालजयी बने। ऐसे संगीतकारों में दानसिंह, सरदार मलिक, सीएन त्रिपाठी व सपन जगमोहन जैसे नाम हैं। लेकिन फिर भी वो जाने - पहचाने रहे। लेकिन इस दौर में मुरली मनोहर स्वरूप जैसे संगीतकार भी रहे जिसके संगीत में सजे गीत, आरती, गजल भारत में गूंजते रहे लेकिन उन्हें वो शोहरत नहीं मिली जिसके वे हकदार थे। प्रख्यात भजन गायक हरी ओम शरण ने श्री राधे गोविंदा, मन भजले हर का प्यारा नाम है, मैली चादर ओढ़ के कैसे.., आरती कुंज बिहारी, रामजी करेंगे बेड़ा पार जैसे भजनों को गाया।

भारतीय फिल्म संगीत के स्वर्णिम दौर कहे जाने वाले समय के संगीत की चर्चा में कई दिग्गज संगीतज्ञों का जिक्र होता है। हर संगीतकार की अपनी खास शैली रही। गीत-संगीत को सुनते ही संगीत के चाहने वाले संगीतकार और गीतकार के नाम का भी आभास कर लेते थे। तब संगीतकारों ने अपने संगीत में कई प्रयोग किए। शास्त्रीयता पर आधारित धुन बनाई वहीं लोकधुनों से भी उनका संगीत सजता रहा।

हर विधा पर संगीत रचा गया। ऐसे में कुछ संगीतकारों को अपार शोहरत मिली। लेकिन कुछ संगीतकार विलक्षण प्रतिभा के बावजूद कुछ गीतों के संगीत तक सीमित रहे। हालांकि उनके वो गीत भी कालजयी बने। ऐसे संगीतकारों में दानसिंह, सरदार मलिक, सीएन त्रिपाठी व सपन जगमोहन जैसे नाम हैं। लेकिन फिर भी वो जाने -पहचाने रहे। लेकिन इस दौर में मुरली मनोहर स्वरूप जैसे संगीतकार भी रहे जिसके संगीत में सजे गीत, आरती, गजल भारत में गूंजते रहे लेकिन उन्हें वो शोहरत नहीं मिली जिसके वे हकदार थे। प्रख्यात भजन गायक हरी ओम शरण ने श्री राधे गोविंदा, मन भजले हर का प्यारा नाम है, मैली चादर ओढ़ के कैसे.., आरती कुंज बिहारी, रामजी करेंगे बेड़ा पार जैसे भजनों को गाया। उन्होंने हनुमान चालीसा भी गाई। दाता एक राम जैसे भजन एलबम घर-घर गूंजे। उस दौर में टेपरिकॉर्ड पर लोग सुबह-शाम इन भजनों को सुनते थे जो आज भी लोकप्रिय हैं। इन भजनों के संगीतकार मुरली मनोहर स्वरूप ही थे।



उन्होंने ढोलक, हारमोनियम, तबला, सारंगी, खड़ताल व बांसुरी जैसे साजों से भजनों की मधुर झंकार भरी। प्रख्यात गायक मुकेश की गाई रामचरित मानस भाव विभोर करती है। साल 1976 के बाद एचएमवी के लिए मुकेश की गाई राम चरित मानस बहुत लोकप्रिय हुई। मुरली मनोहर स्वरूप ने ही मुकेश की गाई रामचरित मानस को संगीतबद्ध किया था। उन्होंने मानस के संगीत के हर कांड में कथा प्रसंगों के अनुरूप संगीत रचा व श्लोकों को शुद्धता -मधुरता से मुकेश से गवाया। यूपी में कासगंज की माटी में संगीत रचा-बसा है जहां भारतीय शास्त्रीय संगीत में ख्याल गायन शैली को सामने लाने वाले अमीर खुसरो ने जन्म लिया। कासगंज में ही तुलसीदास के संगीत शिक्षक हरिहरदास की संगीत पाठशाला भी थी। वर्तमान में स्थानीय रिचा शर्मा के गीत लोगों को भाते हैं। कासगंज में ही पले-बसे मुरली मनोहर स्वरूप ने गीत-संगीत में सुरों की बरसात की। मुरली मनोहर स्वरूप ने पचास से लेकर नब्बे के दशक तक भारतीय संगीत की सेवा की। उन्होंने भारतीय जनमानस को अद्भुत भजनों की सौगात दी। वहीं उनका योगदान भारत में एलपी रिकार्ड की शुरुआत कराने का भी है। साल 1930 में वह अपने पिता के साथ कोलकाता चले गए थे। फिर ग्रामोफोन म्यूजिक कंपनी में काम करने इंग्लैंड गए। पचास के दशक में इंग्लैड की म्यूजिक रिकॉर्ड कंपनी हिज मास्टर्स वायस एमएमपी के साथ मिलकर भारत में म्यूजिक रिकार्ड और एलबम की शुरुआत की। एक तरह से भारत में यह संगीत के प्रचार-प्रसार की क्रांति थी। मुरली मनोहर के संगीत निर्देशन में मुकेश,लता मंगेशकर, हरिओम शरण, बेगम अख्तर, शारदा सिन्हा, मोहम्मद रफी व किशोर कुमार आदि सबने गीत गाए। लेकिन मुरली मनोहर स्वरूप कलाकारों और म्यूजिक इंडस्ट्री के बीच तो चर्चित नाम रहा पर जनमानस में उन्हें बहुत चर्चा नहीं मिली। कितने लोग जानते होंगे कि सत्तर के दशक में हरिओम शरण की गाई प्रसिद्ध एलबम 'दाता एक राम' के संगीत रचनाकार मुरली मनोहर ही थे। जिस हनुमान चालीसा को घर-घर गाया जाता है उसकी धुन मनोहर ने तैयार की थी। वहीं बेगम अख्तर की मशहूर गजल 'ऐ मोहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया' का संगीत भी मनोहर स्वरूप के साजों से निखरा। इसी तरह की मुकेश की गायी 'बराबर से बचकर निकलने वाले, मेरे महबूब मेरे दोस्त' को बेहतरीन संगीत के लिए याद किया जाता है। मन्ना डे की 'हैरान हूं सनम' बहुत लोकप्रिय हुई। भारतीय लोकजीवन में शारदा सिन्हा का गायन अनमोल है। उन्होंने छठ पर्व के गीतों को सजाया। लोकमंगल के गीत गाए। मुरली मनोहर स्वरूप के साजों में शारदा सिन्हा के विवाह विदाई गीत लोकजीवन की धरोहर बन गए हैं। मुरली मनोहर स्वरूप नब्बे के दशक में अपनी बेटी के पास लंदन चले गए थे। इसके बाद वह गुमनामी में रहे। 'अग्निपथ अग्निपथ' तो सुर संगीत में सज गया, लेकिन मुरली मनोहर स्वरूप को याद किसी ने नहीं किया। भारतीय संगीत में नौशाद, शंकर जयकिशन, मदन मोहन, एसडी बर्मन, कल्याणजी आनंदजी, लक्ष्मीकांत प्यारेलाल व खैय्याम सबको अपने सृजन पर शोहरत मिली।



# भारत के पूर्व एथलीट सुचा सिंह को पंजाब सरकार की अनदेखी का दर्द अब भी, बोले-थककर छोड़ दी थी अर्जुन पुरस्कार की उम्मीद

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व एथलीट सुचा सिंह को जब लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया तो इसे मिलने की खुशी उनकी डबडबाई आंखों और रूंधी आवाज से महसूस की जा सकती थी लेकिन पंजाब सरकार की अनदेखी का दर्द अब भी उनकी जुबां पर आ ही जाता है।

अर्जुन पुरस्कार दिये जाने की घोषणा के बाद पंजाब के 74 साल के सिंह की सारी नाराजगी दूर हो गई थी क्योंकि आखिर देश ने उनकी उपलब्धियों को सम्मानित किया। अर्जुन पुरस्कार के लिए वह 10 साल तक फॉर्म भरते रहे और थककर उम्मीद छोड़ दी थी। सिंह ने कहा, ''अर्जुन पुरस्कार मिलने से पूरी जिंदगी की कड़ी मेहनत का फल मिल गया, देश के लिए पदक जीतने के लिए जीजान लगा दी थी लेकिन अपनी उपलब्धियों की अनदेखी किये जाने का गम था, जो अब इस पुरस्कार ने खत्म कर दिया।'' यह बोलते हुए उनकी आंखे डबडबा गई। उन्होंने अपने खेल के दिनों की बात याद करते हुए कहा, ''जब मैं 1965 में जंग के समय सेना में भर्ती हुआ था तो ट्रेनिंग के साथ साथ अपनी स्पर्धा का अभ्यास भी करता था। मैं कबड्डी और दौड़ने में काफी अच्छा था, पर सेना के कोच ने मुझे दौड़ पर ध्यान लगाने के लिए कहा। मेरे पास दौड़ने के जूते नहीं थे जो तब 400 रुपये में आते थे और मेरी तनख्वाह थी 150 रुपये।'' पंजाब सरकार से भी उन्हें वो सम्मान नहीं मिला जिसकी उन्हें उम्मीद थी। उन्होंने कहा, ''पंजाब सरकार ने कभी भी उस तरह सम्मानित नहीं किया जैसे अन्य राज्य सरकार करती हैं, मुझे मेरी उपलब्धियों के लिए 100 रूपये का लिफाफा मिला था जबकि मैंने इस समारोह में शिरकत करने के लिए 800 रूपये जोड़े थे जिसमें से 200 रूपये तो दोस्तों ने ही जश्न मनाने में खत्म करवा दिये थे।

अपने समय में खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, ''तब खिलाड़ियों के लिए इतनी सुविधायें नहीं होती थीं, कोई प्रायोजक नहीं होता था। दौड़ने के लिए कोई ट्रैक नहीं होता था, 1982 में जब नयी दिल्ली में एशियाई खेलों की मेजबानी की गई तभी जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम बना था। मेरे पास दौड़ने के लिए जूते और ट्रैक सूट नहीं था।'' सिंह ने कहा, ''पहले इतने कोच और अभ्यास के लिए उपकरण नहीं होते थे। अब दौर ही बदल गया है। अब खिलाड़ियों की उपलब्धियों का पूरा सम्मान होता है। उन्हें देश के लिए 1972 म्यूनिख ओलंपिक में प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया था लेकिन चोट के कारण वह इसमें हिस्सा नहीं ले सके और खेल के इस महासमर में खेलने का उनका सपना पूरा नहीं हो सका।

देश को 1970 में बैंकाक में छठे एशियाई खेलों में चार गुणा 400 मीटर रिले में रजत पदक दिलाने वाले सिंह अपने शुरूआती दिनों की बात करते हुए काफी उत्साह से भर जाते हैं कि किस जुनून और कड़ी मेहनत से वो देश को तमगा दिलाने में लगे रहते थे। आठ साल सेना में रहने के बाद वह 1973 में टाटा स्टील में जमशेदपुर चले गये जहां उनकी तनख्वाह 5000 रूपये हो गई। सिंह ने कहा, ''खेलों में शानदार प्रदर्शन के बावजूद मुझे सेना में 'कमिशन' नहीं मिला था। हालांकि पदोन्नति पर सिर्फ पांच रूपये बढ़ते थे।

# चार स्पिनरों के जांचे परखे फार्मूले पर निर्भरता के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी से सिराज बाहर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नागपुर और कटक में पहले दो वनडे के लिये हर्षित राणा को चुना गया है। रोहित ने स्वीकार किया कि सिराज की गैर मौजूदगी में टीम में अनुभव की कमी लग रही है लेकिन उन्होंने इस फैसले का कारण भी बताया। स्पिन पर भारत की निर्भरता और पुरानी गेंद से मोहम्मद सिराज के प्रभावित नहीं कर पाने के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी टीम से उन्हें बाहर रहना पड़ गया। भारत ने 19 फरवरी से शुरू हो रहे आठ टीमों के टूर्नामेंट के लिये 15 सदस्यीय टीम का शनिवार को ऐलान किया। भारत को अपने सारे मैच दुबई में खेलने हैं। दुबई की पिचें तेज गेंदबाजों की ज्यादा मदद नहीं करती लिहाजा भारत ने वेस्टइंडीज में हुए टी20 विश्व कप की तरह चार स्पिनरों कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर को चुना है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने वानखेड़े स्टेडियम पर टीम का ऐलान करने के बाद मीडिया से कहा ,'' हम ऐसी टीम चाहते थे जिसमें हमारे पास दोनों विकल्प हों यानी नयी गेंद से गेंदबाजी का और डैथ ओवरों का भी। जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे के लिये उपलब्ध नहीं हैं और 12 फरवरी को



अहमदाबाद में आखिरी मैच में ही लौटेंगे। नागपुर और कटक में पहले दो वनडे के लिये हर्षित राणा को चुना गया है। रोहित ने स्वीकार किया कि सिराज की गैर मौजूदगी में टीम में अनुभव की कमी लग रही है लेकिन उन्होंने इस फैसले का कारण भी बताया। उन्होंने कहा ,'' हम चाहते थे कि अर्शदीप सिंह आखिर में और मोहम्मद शमी नयी गेंद से गेंदबाजी करे। अगर सिराज नयी गेंद से गेंदबाजी नहीं कर रहा है तो वह उतना प्रभावित नहीं कर पाता। उन्होंने कहा ,'' हमने इस पर विस्तार से बात की और हम तीन तेज गेंदबाजों को ही लेकर जा रहे हैं क्योंकि हम चाहते हैं कि सारे हरफनमौला उपलब्ध हों।

# दिल्ली के खिलाफ रणजी मैच खेलेंगे रविंद्र जडेजा

## अभ्यास सत्र में लिया हिस्सा, सौराष्ट्र क्रिकेट संघ ने दी जानकारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने रविवार को राजकोट में सौराष्ट्र की टीम के अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया और उनका दिल्ली के खिलाफ 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच में खेलना तय है। जडेजा आखिरी बार सौराष्ट्र के लिए जनवरी 2023 में खेले थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद खिलाड़ी के फिट होने पर घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर दिया है। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जयदेव शाह ने रविवार को बताया, जडेजा आज अभ्यास करने के लिए आए हैं। वह अगला मैच खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रन बनाने के लिए जूझने वाले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जम्मू कश्मीर के खिलाफ मुंबई की अगली रणजी ट्रॉफी के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की। ऋषभ पंत, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल भी अपनी अपनी टीमों की तरफ से रणजी मैच में खेलेंगे। जहां पंत सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली की अंतिम एकादश का हिस्सा होंगे, वहीं विराट कोहली चोट के कारण इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। जडेजा को शनिवार को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में चुना गया। उन्होंने पिछले साल बारबाडोस में टी20 विश्व कप में खिताबी जीत के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। सौराष्ट्र का रणजी ट्रॉफी के वर्तमान सत्र में अभी तक प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।



## हेड कोच गौतम गंभीर के साथ अनबन की खबरों पर कप्तान रोहित शर्मा ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम को हार का मुंह देखना पड़ा। जिसके बाद बीजीटी में रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज 3-1 से हार गई। वहीं इसके बाद से ही भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और हेड कोच गौतम गंभीर के बीच अनबन की खबरे सामने आईं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि रोहित शर्मा और गौतम गंभीर में सबकुछ ठीक नहीं है, दोनों के बीच अनबन चल रही है, लेकिन इन दावों की सच्चाई कप्तान रोहित शर्मा ने सामने रख दी है। रोहित ने गौतम गंभीर के साथ अपने रिश्ते की सच्चाई बताई है। रोहित शर्मा ने कहा कि हेड कोच गौतम गंभीर उस प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करते तो बतौर कप्तान आपको मैदान पर करना होता है। वह पूरी तरह आपके फैसले के साथ होते हैं, वह कप्तान के तौर पर आपके फैसले पर भरोसा दिखाते हैं।

# साजिद खान के चंगुल में फंसी वेस्टइंडीज की टीम

## मुल्तान टेस्ट में पाकिस्तान को मिली धमाकेदार जीत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की टीम ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज को बुरी तरह से हराया। मुल्तान की स्पिन फ्रेंडली विकेट पर लो स्कोरिंग मैच रहा, जिसमें मेजबान पाकिस्तान को 127 रनों से जीत मिली। मुल्तान टेस्ट मैच की दूसरी पारी में वेस्टइंडीज की टीम 123 रन बनाकर ढेर हो गई और मुकाबला बुरी तरह से हार गई। साजिद खान ने मैच में कुल 9 विकेट निकाले। पहली पारी में उन्होंने चार सफलता हासिल कीं, जबकि दूसरी पारी में उन्होंने पंजा खोला। इस तरह साजिद ने वेस्टइंडीज को अपने चंगुल में फंसाया। इस मुकाबले की बात करें तो पाकिस्तान की टीम के कप्तान शान मसूद ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी। हालांकि, टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिली थी, क्योंकि 46 रन पर 4 विकेट गिर गए थे। इसके बाद मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील के बीच एक शतकीय साझेदारी हुई, जिसने पाकिस्तान को मैच में वापस लाने की कोशिश की।



शकील ने 84 और रिजवान ने 71 रन बनाए। पाकिस्तान की टीम 230 रन बनाकर ऑलआउट हुई। इसके बाद जब वेस्टइंडीज की टीम बल्लेबाजी के लिए उतरी तो ताश के पत्तों की तरह ढह गई। 137 रन पहली पारी में वेस्टइंडीज ने बनाए। साजिद खान ने चार और नोमान अली ने 5 विकेट निकाले। वहीं, पाकिस्तान की टीम 93 रनों की बढ़त के बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी और 157 रनों पर अपने सभी विकेट खो दिए। जोमेल वॉरिकन ने 7 विकेट निकाले। ऐसे में लग रहा था कि मैच में रोमांच देखने को मिलेगा। हालांकि, पिच को देखते हुए 251 रनों के जवाब में वेस्टइंडीज की हार संभव लग रही थी। यही हुआ भी।

## एएसके ऑटोमोटिव ने लॉन्च की एआईएसआईएन एएसके प्रोडक्ट रेंज

**नयी दिल्ली।** दोपहिया वाहनों के लिए ब्रेक शूज़ एवं अडववान्स्ड ब्रेकिंग सिस्टम के भारत के सबसे बड़े निर्माता एएसके ऑटोमोटिव लिमिटेड भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025- द कम्पोनेन्ट शो में एआईएसआईएन एएसके प्रोडक्ट रेंज लॉन्च की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि एआईएसआईएन एएसके इंडिया प्रा. लिमिटेड एएसके ऑटोमोटिव लिमिटेड का संयुक्त उद्यम है, जिसने स्वतन्त्र आफ्टरमार्केट सेक्टर के लिए आधुनिक पैसेंजर कार प्रोडक्ट्स का अनावरण किया। इसके साथ एएसके ऑटोमोटिव ने भारत, नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश में स्वतन्त्र आफ्टरमार्केट क लिए चार पहिया पैसेंजर कार प्रोडक्ट्स में प्रवेश किया है।

# अगले पांच साल में भारत का वाहन उद्योग दुनिया में पहले स्थान पर होगा : नितिन गडकरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नितिन गडकरी ने वाहन उद्योग में अब तक सर्वाधिक 4.5 करोड़ रोजगार पैदा होने का जिक्र करते हुए कहा कि भारत का वाहन उद्योग अगले पांच साल में दुनिया में पहले स्थान पर होगा। गडकरी ने फाडा के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय वाहनों की मांग वैश्विक स्तर पर बहुत अधिक है।



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वाहन उद्योग में अब तक सर्वाधिक 4.5 करोड़ रोजगार पैदा होने का जिक्र करते हुए शनिवार को कहा कि भारत का वाहन उद्योग अगले पांच साल में दुनिया में पहले स्थान पर होगा। गडकरी ने यहां वाहन डीलरों के निकाय फाडा के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय वाहनों की मांग वैश्विक स्तर पर बहुत अधिक है। उन्होंने कहा, भारतीय वाहन उद्योग का आकार अब 22 लाख करोड़ रुपये का है। मुझे पूरा विश्वास है कि पांच साल के भीतर भारतीय वाहन उद्योग दुनिया में नंबर एक बन जाएगा। वर्तमान में अमेरिकी वाहन उद्योग का आकार 78 लाख करोड़ रुपये है, इसके बाद चीन (47 लाख करोड़ रुपये) और भारत (22 लाख करोड़ रुपये) का स्थान आता है। गडकरी ने कहा कि जब उन्होंने 2014 में परिवहन मंत्रालय का कार्यभार संभाला था, तब वाहन उद्योग का आकार 7.5 लाख करोड़ रुपये था जो अब बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। उन्होंने फेडरेशन ऑफ आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के कार्यक्रम में कहा कि वाहन उद्योग ने अब तक 4.5 करोड़ नौकरियां पैदा की हैं, जो देश में सबसे अधिक हैं। उन्होंने कहा, वाहन उद्योग राज्य सरकार और भारत सरकार को जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के हिस्से के रूप में अधिकतम राजस्व भी दे रहा है। उन्होंने बताया कि भारत में बनने वाले सभी दोपहिया वाहनों में से 50 प्रतिशत का

# विदेशी मुद्रा भंडार 8.7 अरब डॉलर गिरकर 625.9 अरब डॉलर पर

एजेंसी

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी गिरावट होने से 10 जनवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.7 अरब डॉलर लुढ़ककर 625.9 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.7 अरब डॉलर कम होकर 634.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 10 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति



9.5 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 536.01 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 79.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 67.9 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 3.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 17.8 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 40 लाख डॉलर कम होकर 4.2 अरब डॉलर पर आ गया।

# विनफास्ट ने दो ई वी के साथ किया भारतीय बाजार में प्रवेश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वियतनाम की कंपनी विनफास्ट ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025 में भारतीय बाजारों के लिए अपने पहले इलेक्ट्रिक वाहनों की आधिकारिक तौर पर घोषणा की। कंपनी ने दो ऑल-इलेक्ट्रिक प्रीमियम एसयूवी-वीएफ 7 और वीएफ 6 को भी लॉन्च किया। इसके साथ ही कंपनी ने भारतीय बाजार में प्रवेश करने की घोषणा की।

दो ऑल-इलेक्ट्रिक प्रीमियम एसयूवी लॉन्च करने का विनफास्ट का यह निर्णय संभावनाओं भरे भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में एक महत्वपूर्ण कदम है। विनफास्ट ने बाजार के लिए अपने पहले मॉडलों के रूप में वीएफ 7 और वीएफ 6 को चुना। भारत पहला बाजार भी है जहां विनफास्ट वीएफ 7 और वीएफ 6 का राइट-हैंड ड्राइव





संस्करण लॉन्च करेगा। इन दो मॉडलों से उपभोक्ताओं की विद्युतीकरण आवश्यकताओं को पूरा करने और भारत में हरित परिवहन उद्योग में एक नया मानदंड स्थापित करने की उम्मीद है।

विनफास्ट एशिया के सीईओ फ़ाम सान चौ ने कहा, ''भारत मोबिलिटी शो-2025 में हमारी उपस्थिति एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि हम पहली बार यहाँ अपने भारत-आधारित उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारा मानना है कि हमारी प्रीमियम एसयूवी वीएफ 7 और वीएफ 6 गेम चेंजर हैं, जो भारत में ईवी को अपनाने की दिशा में तेज़ी लाएँगी। हम एक्सपो में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधानों के अपने व्यापक पोर्टफोलियो को प्रदर्शित करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। यहाँ हमारी उपस्थिति न केवल भारतीय बाज़ार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, बल्कि सस्टेनेबल मोबिलिटी सॉल्यूशंस और उन्नत तकनीक के विजन को भी दर्शाती है।

# एफआईआई के रुख और तिमाही नतीजे पर रहेगी बाजार की नजर

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिका में रोजगार के मजबूत आंकड़े से फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में शीघ्र कटौती की उम्मीद धूमिल पड़ने से स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली से बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख और कंपनियां के चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के नतीजे पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 759.58 अंक अर्थात 0.98 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 76619.33 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 228.3 अंक यानी 0.97 प्रतिशत टूटकर 23203.20 अंक पर बंद हुआ।




समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 479.7 अंक अर्थात 1.1 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 43761.23 अंक और स्मॉलकैप 411.03 अंक यानी 0.8 प्रतिशत कमजोर रहकर 52311.31 अंक पर आ गया। विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह अमेरिका में रोजगार के मजबूत आंकड़े से फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में शीघ्र कटौती की उम्मीद धूमिल पड़ने से बाजार पर दबाव बना लेकिन महंगाई घटने से फेड के ब्याज दर में कटौती करने की उम्मीद बढ़ने से सेंसेक्स-नफ्टी को समर्थन मिला। हालांकि चीन के आर्थिक विकास के आंकड़े अनुमान से अधिक मजबूत रहने की बदौलत विश्व बाजार में तेजी रहने के बावजूद सप्ताहांत पर बाजार फिर से बिकवाली के दबाव में आ गया। अगले सप्ताह बाजार पर एफआईआई के रुख का असर रहेगा क्योंकि वे जनवरी में अबतक कुल 46,576.06 करोड़ रुपये की बिकवाली कर चुके हैं। इस अवधि में एफआईआई 132,947.06 करोड़ रुपये के लिवाल जबकि 179,523.12 करोड़ रुपये के बिकवाल रहे हैं। हालांकि आलोच्य अवधि में घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की निवेश धारणा मजबूत रहने से बाजार को समर्थन मिला। इस अवधि में डीआईआई का शुद्ध निवेश 49,367.14 करोड़ रुपये का रहा है। इनके अलावा बाजार को दिशा देने में कंपनियों के वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के परिणाम की अहम भूमिका रहेगी। अगले सप्ताह एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, जेएसडब्ल्यू स्टील, सेंट्रल बैंक, आईडीबीआई, जम्मू-कश्मीर बैंक, पेटीएम, जोमैटो, इंडियन बैंक, इंडिया सीमेंट, यूको बैंक, बीपीसीएल, हुडको, डॉ. रेड्डी, बैंक ऑफ इंडिया और डीएलएफ समेत कई दिग्गज कंपनियों के तिमाही नतीजे आने वाले हैं। बीते सप्ताह बाजार में दो दिन गिरावट जबकि तीन दिन तेजी रही। अमेरिका में रोजगार के मजबूत आंकड़े से फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में शीघ्र कटौती की उम्मीद धूमिल पड़ने से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा भारी बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार सात महीने के निचले स्तर पर आ गया।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्चीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007

### दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने किया दावा

# अरविंद केजरीवाल को खत्म करने की कोशिश कर रही बीजेपी

एजेंसी




**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अरविंद केजरीवाल को 'खत्म' करने की साजिश रच रही है। उन्होंने दावा किया कि नई दिल्ली विधानसभा सीट पर चुनाव प्रचार के दौरान अरविंद केजरीवाल की कार पर हुए कथित हमले में शामिल लोगों में से एक को प्रवेश वर्मा के साथ अक्सर देखा जाता है।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आतिशी ने दो लोगों की तस्वीर भी जारी की, जिनकी पहचान शैंकी और रोहित त्यागी के रूप में हुई है, उन्होंने कहा कि वे भाजपा के सदस्य हैं और नई दिल्ली विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के करीबी सहयोगी हैं। आतिशी ने कहा, कल नई दिल्ली में नई दिल्ली विधानसभा के अंदर अरविंद केजरीवाल की कार पर हमला किया गया। यह हमला भाजपा के गुंडों द्वारा किया गया था। अरविंद केजरीवाल पर हमला करने वाले लोग कौन थे? करीब से देखने पर पता चला कि एक नाम है- शैंकी, जो भाजपा का उपाध्यक्ष है और अक्सर अपने इलाके में प्रवेश वर्मा के पोस्टर लगाता हुआ दिखाई देता है। इसके अलावा, वह अक्सर प्रवेश वर्मा के साथ पाया जाता है। प्रचार के दौरान शैंकी प्रवेश वर्मा के साथ निकटता से जुड़ा रहता है। आतिशी ने आगे बताया कि शैंकी उर्फ राहुल का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ कई मामले लंबित हैं। उन्होंने बताया, उसके खिलाफ गंभीर आरोप दर्ज हैं, जिसके तहत उसे सात साल तक की सजा हो सकती है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी आरोप दर्ज हैं। शकरपुर थाने में उसके खिलाफ मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट और डकैती के आरोप लंबित हैं और उन मामलों में कार्रवाई चल रही है। पहाड़गंज थाने में भी उसके खिलाफ डकैती और मारपीट का मामला दर्ज है। उसके जैसे कट्टर अपराधियों पर पहले से ही डकैती और डकैती के दौरान हत्या के आरोप हैं, जिन्हें अरविंद केजरीवाल पर हमला करने के लिए भेजा गया था।

## कैदियों के कौशल विकास के लिये स्मार्ट क्लास की शुरूआत

एजेंसी

**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले के केंद्रीय कारा में पहली बार स्मार्ट क्लास की शुरुआत की गई है, जहां ऑडियो-विजुअल माध्यम से कैदियों को शिक्षा दी जाएगी। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य कैदियों को सशक्त बनाना और उनकी रिहाई के बाद रोजगार एवं बेहतर जीवन जीने में सहायता करना है। अब कैदी यूट्यूब के माध्यम से डिजिटल कक्षाओं का लाभ उठा सकेंगे। माना जा रहा है कि कारा एवं सुधार विभाग की यह पहल कैदियों को जेल से छूटने के बाद मुख्यधारा में शामिल होने में काफी मददगार साबित होगी। कारा अधीक्षक ज्ञानिता गौरव ने रविवार को बताया कि कारा एवं सुधार विभाग तथा जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के प्रयास से शुरु हुई इस स्मार्ट क्लास परियोजना से कैदियों को उनकी अधूरी शिक्षा पूरी करने और विभिन्न कौशल सीखने का अवसर मिलेगा। यह पहल न केवल कैदियों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगी, बल्कि उन्हें रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगी।स्मार्ट क्लास में कैदियों के लिए अनुकूल शैक्षणिक माहौल बनाया गया है। यहां उनके बैठने की बेहतर व्यवस्था के साथ एक ऐसा वातावरण तैयार किया गया है, जिससे उन्हें महसूस हो सके कि वे सीखने की प्रक्रिया में शामिल हैं, न कि एक जेल के भीतर हैं। कारा अधीक्षक ने बताया कि पहले चरण में 25 कैदियों का चयन किया गया है, जिन्हें बांस से बने उत्पादों और अन्य हस्तशिल्प का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ऑडियो-विजुअल माध्यम से कैदी चीजों को बेहतर तरीके से समझकर अपने कौशल विकास में उनका उपयोग कर सकेंगे। इसके साथ ही, जो बंदी इग्नू, एनआईओएस या अन्य संस्थानों से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, वे संबंधित संस्थानों के वीडियो देखकर अपने विषयों को गहराई से समझ पाएंगे। कई जानकर शिक्षकों की ऑनलाइन कक्षाओं में शामिल होकर वे अपनी शिक्षा को और मजबूत बना सकेंगे।

## संक्षिप्त सामाचार

### इजराइल-हमास युद्धविराम समझौता लागू कतर ने लोगों को सावधानी बरतने की दी सलाह

**काहिरा।** हमास और इजराइल युद्धविराम समझौता रविवार सुबह 8.30 बजे से लागू हो जाएगा। कतर के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। कतर के विदेश मंत्री माजिद अल-अंसारी ने 'एक्स पर एक पोस्ट में बताया, " युद्धविराम समझौता रविवार को सुबह 8.30 बजे से लागू हो जाएगा। उन्होंने लोगों को सावधानी बरतने व अधिकारियों के निर्देशों की प्रतीक्षा करने की सलाह दी। इजराइली मंत्रिमंडल ने शनिवार सुबह गाजा में युद्ध विराम समझौते को मंजूरी दे दी। इस समझौते के लागू होने के बाद दर्जनों बंधकों को रिहा किया जा सकेगा और हमास के साथ 15 महीने से जारी युद्ध पर लगाम लगेगी। युद्धविराम की खबर के बावजूद शनिवार को पूरे मध्य इजराइल में सायरन बजने लगे और सेना ने बताया कि उसने यमन से दागी गयी मिसाइलों को रोक दिया। इससे पहले, कतर के विदेश मंत्रालय ने इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम रविवार सुबह साढ़े छह बजे से प्रभावी होने की बात कही थी।

### ईरान ने 1,110 कैदियों को अफगानिस्तान को सौंपा

**तेहरान।** तालिबान आंदोलन के 2021 में अफगानिस्तान में सत्ता में लौटने के बाद से ईरान ने 1,110 अफगान कैदियों को उनकी सजा पूरी होने के बाद वापस भेज दिया है। सलाम वतनदार रेडियो ने शनिवार को यह जानकारी दी। अफगान जेल प्राधिकरण के प्रवक्ता मोहम्मद नसीम लालहंड ने कहा कि ईरान में अफगान दूतावास द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, छह हज़ार से आठ हज़ार अफगानी ईरानी जेलों में सजा काट रहे थे। अफगानिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के प्रशासनिक सहायक शेख अब्दुल मलिक हक्कानी के नेतृत्व में एक अफगान न्यायिक प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ ईरानी अधिकारियों के साथ कैदी प्रत्यर्पण पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार को ईरान की यात्रा की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य न्यायिक सहयोग को बढ़ाना, ईरान में अफगान कैदियों के अधिकारों को सुनिश्चित करना और ईरान में मौत की सजा पाने वाले अफगान कैदियों की फांसी के विकल्प ढूंढना भी था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वर्ष 2024 के पहले 10 महीनों में ईरान में 49 अफगानों को फांसी दी गई। ईरान में मौत की सजा हत्या, बलात्कार और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे अपराधों के लिए भी दी जाती है।

### ईरान ने भूमिगत नौसैनिक अड्डे का अनावरण किया

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना ने विभिन्न लड़ाकू जहाजों को समायोजित करने के लिए एक भूमिगत अड्डे का अनावरण किया है। आईआरजीसी के आधिकारिक समाचार आउटलेट सेपा न्यूज ने शनिवार को यह जानकारी दी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस अड्डे को आईआरजीसी नौसेना के जहाजों के लिए कई शहरों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है। अनावरण समारोह में आईआरजीसी के मुख्य कमांडर होसैन सलामी और नौसेना बलों के कमांडर अलीरेज़ा तांगसिरी ने भाग लिया।

## पालघर शुक्ला कम्पाउंड की गली मे अवैध कब्जा



शकुन टाइम्स संवाददाता

**पालघर।** शुक्ला कम्पउंड की गली मे भागेस सुदेश दीक्षित ने लोगों से दस्तखत करवाकर दुकान तोड़वाया जिसमे यह केबिन लगाने वाला व्यक्ति मुहम्मद हासिम भी था महिला की दुकाने तोड़ दी गईं नगर परिषद के सज्ञान के लिए मैं संजीव पांडेय जाकर देखा तो सच्चाई समझ मे आई की दूसरे का केबिन रात मे मुहम्मद हासिम रा 6 लोगों के साथ हटाइजिसकी शिकायत पुलिस मे की गईं थी ज़ब की वह केबिन गली के अंदर थी दीवाल से लगकर लेकिन कुछ लोगों के सह पर रात को मुहम्मद हासिम ने अपनी दुकान लगा ली और लोगों को बताता है की मुझे लोगों ने कहा है की तुम दुकान लगाओ नगर परिषद को उचित कार्यवाई करनी चाहिए नहीं तो पत्रकार लोग अनसन पर बैठेंगे

### सीजफायर के बाद भी गाजा पर ताबड़तोड़ हमले

# इजरायली सेना ने 10 को उतारा मौत के घाट

एजेंसी



**तेहरान।** इजरायल और हमास आतंकियों के बीच 15 महीने से ज्यादा चली जंग पर आज से विराम लग गया है। अमेरिका, कतर और मिस्त्र की महीनों पुरानी कसरत और मध्यस्था के बाद यह मुमकिन हो पाया। हालांकि अभी भी इजरायल गाजा पर कहर बरपाना बंद नहीं कर रहा है। इजरायल ने युद्धविराम की योजनाबद्ध शुरुआत के बाद से गाजा पर हवाई हमले में 10 फिलिस्तीनियों की जान ले ली। ऐसा बताया जा रहा है कि जब तक युद्धविराम की शर्तों के हिसाब से हमास बंधकों को रिहा करना शुरू नहीं करता, इजरायल हमले बंद नहीं करेगा। रविवार को एक बयान में गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शहर में इजरायली हमले में छह लोग मारे गए, उत्तरी गाजा में तीन और राफा में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक लोग घायल हो गए। यह हमला इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि जब तक हमास बंदियों के नाम जारी नहीं करता तब तक युद्धविराम शुरू नहीं होगा। फिलिस्तीनी समूह ने देरी के लिए तकनीकी कारणों को जिम्मेदार ठहराया है। हमास के एक प्रवक्ता ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा, हमास ने गाजा में युद्धविराम समझौते के कार्यान्वयन के पहले दिन मुक्त होने वाले तीन इजरायली बंदियों के नाम जारी किए। यह कदम संभावित रूप से एक घंटे की देरी के बाद संघर्ष विराम शुरू होने बाद सामने आया है। हमास की सशस्त्र शाखा क़सम ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू ओबैदा ने कहा, कैदी विनिमय सौदे के हिस्से के रूप में हमने आज तीन महिला बंधकों को रिहा करने का फैसला किया है- रोमी गोनेन (24), एमिली दामरी (28) और डोरोन शतानबर खैर (31)। इज़रायल के धुर दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गविर और उनकी राष्ट्रवादी-धार्मिक पार्टी के दो अन्य मंत्रियों ने युद्धविराम समझौते को लेकर नेतन्याहू के मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया है। इजरायल में यहूदी शक्ति पार्टी के नेता ओत्ज़मा येहुदित ने कहा कि अब वे सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा, यह सरकार को गिराने की कोशिश नहीं, बल्कि युद्धविराम के खिलाफ हमारा विरोध है।

# ट्रंप शपथ ग्रहण इवेंट के लिए तोड़ी जा रही कई परम्पराएं!

### लिंकन बाइबल का भी होगा इस्तेमाल

एजेंसी



**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी सोमवार को अपने दूसरे कार्यकाल के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। यह उनके राजनीतिक जीवन की बड़ी वापसी का प्रतीक है। इस मौके पर कई परंपराएं निभाई जाएंगी, लेकिन कुछ बदलाव भी किए गए हैं।

डोनाल्ड ट्रंप सोमवार को दोपहर 12 बजे (स्थानीय समयानुसार) और रात 10.30 बजे (भारतीय समयानुसार) राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। यह शपथ अमेरिका के चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स दिलाएंगे। समारोह के लिए कई परंपराओं को तोड़ा जा रहा है। पहले शपथ ग्रहण कार्यक्रम यूएस कैपिटल के बाहर आयोजित होना था, लेकिन कड़ाके की ठंड के कारण इसे अंदर कैपिटल रोटुंडा में किया जाएगा। ऐसा 40 साल बाद हो रहा जब शपथ ग्रहण इवेंट की जगह को बदला गया है। ठंड के कारण परेड को बदल दिया गया है। अब यह परेड पेनसिल्वेनिया एवेन्यू के बजाय कैपिटल वन एरीना में आयोजित होगी। शपथ ग्रहण के एक दिन पहले रविवार को ट्रंप मेक अमेरिका ग्रेट अगेन रैली करेंगे, जिसमें बड़ी संख्या में समर्थकों के शामिल होने की उम्मीद है। शपथ के बाद ट्रंप उद्घाटन भाषण देंगे। उन्होंने इसे प्रेरणादायक और देश को एकजुट करने वाला बनाने का वादा किया है। ट्रंप शपथ लेने के दौरान अपनी मां द्वारा दी गई बाइबल और लिंकन बाइबल का इस्तेमाल करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह से जुड़ी समिति ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ट्रंप की मां ने 1955 में न्यूयॉर्क के जमैका में फर्स्ट प्रेस्बिटेरियन चर्च में प्राइमरी स्कूल की पढ़ाई के दौरान उन्हें बाइबल दी थी जिसके कवर के निचले हिस्से पर ट्रंप का नाम लिखा है। समिति ने बताया कि इसके अलावा शपथ ग्रहण समारोह में लिंकन बाइबल का भी इस्तेमाल किया जाएगा। लिंकन बाइबल का पहली बार इस्तेमाल चार मार्च 1861 को 16वें राष्ट्रपति (अब्राहम लिंकन) के शपथ ग्रहण समारोह में किया गया था। उसके बाद से अब तक इसका इस्तेमाल केवल तीन बार किया गया है। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा अपने दोनों शपथ ग्रहण समारोह में जबकि ट्रंप ने 2017 में अपने प्रथम शपथ ग्रहण समारोह में लिंकन बाइबल का इस्तेमाल कर चुके हैं।

समिति ने कहा कि उपराष्ट्रपति पद के लिए चुने गए जे डी वेंस अपनी नानी की पारिवारिक बाइबल का इस्तेमाल करेंगे।शपथ के तुरंत बाद ट्रंप कई कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करेंगे। इन आदेशों में आव्रजन नीति को सख्त करना, मैक्सिको सीमा पर दीवार का निर्माण फिर से शुरू करना और ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देना शामिल है।

# अभिनेत्री निकिता दत्ता छठे साल मुंबई मैराथन में 21 किमी दौड़ीं


शकुन टाइम्स संवाददाता



**महाराष्ट्र।** 19 जनवरी को आयोजित प्रतिष्ठित मुंबई मैराथन 2025 की विद्युतीकरण ऊर्जा से मुंबई जीवंत हो उठी। हजारों फिटनेस प्रेमी सहनशक्ति, लचीलेपन और समुदाय की भावना का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए। उनमें अभिनेत्री निकिता दत्ता भी शामिल थीं, जिन्होंने अपनी छठी मुंबई मैराथन पूरी कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। निकिता दत्ता छठी बार मुंबई मैराथन में दौड़ीं स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति समर्पण के लिए प्रशंसित, निकिता ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपने जीवन में इस घटना के महत्व को दर्शाया और लिखा,यह मेरी दौड़ का 10वां वर्ष है! क्या मैं एक बार फिर बता सकती हूं कि दौड़ना कितना अद्भुत लगता है @tatamummarathon। यह तब होता है जब यह शहर इस अनुष्ठान को करने का एक और वर्ष पूरा करता है21.097 कि.मी. पूरा किया और झाड़ा

# चीन की जनसंख्या में तीसरे साल भी गिरावट, टेंशन में जिनपिंग सरकार

एजेंसी



**बीजिंग।** चीन की जनसंख्या में तीसरे साल भी गिरावट आई है, 2024 के अंत तक देश की आबादी 1.408 अरब तक रह गई है। यह गिरावट पिछले साल की तुलना में 13 लाख कम होने का संकेत देती है। जन्म दर में लगातार कमी और वृद्ध जनसंख्या के अनुपात में वृद्धि के कारण चीन की सरकार के लिए यह स्थिति चिंता का कारण बन गई है।

इस जनसंख्या संकट से निपटने के लिए चीन ने कई उपायों की शुरुआत की, लेकिन अभी तक इन प्रयासों का प्रभाव बहुत सीमित रहा है। वहीं, भारत ने अब चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बनने का दर्जा प्राप्त किया है। जनसंख्या में गिरावट का मुख्य कारण जन्म दर में कमी आना है। इसके बावजूद, सरकार ने इस प्रवृत्ति को बदलने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन जन्म दर में कोई खास सुधार नहीं हो सका और वृद्ध जनसंख्या का अनुपात बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व वाली चीनी सरकार जनसंख्या में हो रही गिरावट को लेकर चिंतित है, क्योंकि कामकाजी उम्र के लोगों की संख्या घट रही है, जबकि वृद्धों की जनसंख्या लगातार बढ़ रही है। चीन ने अपनी बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए वन चाइल्ड पॉलिसी लागू की थी, जिसके तहत प्रत्येक परिवार को केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी। इस नीति का उल्लंघन करने पर जुर्माना और गर्भपात जैसी सख्त सजा दी जाती थी। हालांकि, अब यह नीति बदल दी गई है, लेकिन इसका असर अभी भी दिख रहा है। आजकल युवा वर्ग शादी में देरी कर रहा है क्योंकि वे भविष्य की आर्थिक सुरक्षा, नौकरी के अवसरों और बढ़ती जीवन लागत को लेकर चिंतित हैं। इसके अलावा, अगर शादी कर भी लेते हैं तो बच्चे पैदा करने में भी झिझकते हैं। चीन में वृद्धों की संख्या बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 60 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले लोग अब कुल आबादी का 22: हैं, और यह संख्या 2035 तक 30: तक पहुँचने का अनुमान है। जनसंख्या गिरावट के कारण चिंतित चीनी सरकार ने 2021 में तीन बच्चों की नीति लागू की थी, और परिवारों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहन योजनाओं की शुरुआत की थी।

## पंजाब की सीमा पर हेरोइन व दो ड्रोन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब सीमा पार से एक हेक्साकोप्टर और एक हेरोइन पैकेट सहित दो ड्रोन बरामद किए हैं। बीएसएफ के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि कल, एक बड़ी सफलता में, बीएसएफ की खुफिया शाखा द्वारा प्रदान की गई खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, बीएसएफ के जवानों ने तीन अलग-अलग घटनाओं में अपने जब्त किए गए माल में दो ड्रोन और एक हेरोइन पैकेट को जोड़ा।

उन्होंने बताया कि लगभग 11:25 बजे पंजाब पुलिस के साथ एक संयुक्त तलाशी के दौरान, संयुक्त टीम ने एक डीजेआई माविक क्लासिक 3 ड्रोन को सफलतापूर्वक बरामद किया, जो घर की दीवार से टकराकर गुरदासपुर जिले के मलिकपुर गाँव के पास गिर गया था। पंजाब पुलिस के साथ एक संयुक्त तलाशी के दौरान, जवानों ने अमृतसर जिले के लोधी गूजर गाँव से सटे एक खेत से एक असेंबल्ड हेक्साकोप्टर बरामद किया। बरामद हेक्सैप्टर का वजन लगभग 20.590 किलोग्राम है । इसके प्रोपेलर के रोटेटर पर मेड इन चाइना अंकित है।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं महराजगंज सासंद पंकज चौधरी और पनियरा विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह शकुन टाइम्स अखबार को प्रमुखता से पढ़ते हुए
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत
YouTube shakuntimes
आवश्यकता है
भारत के समस्त राज्यों व जिलों में अनुभवी और तेज तर्रार प्रेस रिपोर्टरों की
यदि आप में है गलत को गलत कहने की हिम्मत तो शकुन टाइम्स में आपका स्वागत है
नोट : प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया में एक साथ कार्य करने का सुनहरा अवसर
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 9415052283, 9506320127
संपर्क कार्यालय : शक्तिपीठ,सारनाथ,वाराणसी (उ.प्र.) 221007